



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


11 3 कारण क्यों हार्दिक पंड्या की नहीं बनती टी-20 वर्ल्ड कप में जगह ...

डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडेन को घेरा, कहा- मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 331 | नई दिल्ली, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### मुर्मु, धनखड़, मोदी, बिड़ला ने दी भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विभिन्न सदस्यों, अनेक सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर रविवार को उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने संसद भवन परिसर में आयोजित समारोह में अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर की श्रद्धा सुमन अपर्तित किए। संसद भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी और समाज सुधारक डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कई केंद्रीय मंत्री, संसद सदस्य, पूर्व संसद सदस्य, अनेक गणमान्य व्यक्ति और समाज के विभिन्न वर्गों से आए बहुत से लोग शामिल थे। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक और कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा और राज्यसभा के महासचिवों क्रमशः उत्पल कुमार सिंह और पी सी मोदी ने भी संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

### भारत ने ईरान इजरायल से की शांति की अपील

नई दिल्ली। भारत ने पश्चिम एशिया में इजरायल पर ईरान के हमले पर गहरी चिंता जताते हुए आह्वान किया कि वे हिंसा छोड़ कर कूटनीति एवं संवाद की दिशा में लौटें। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा, हम इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता से गंभीर रूप से चिंतित हैं जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। हम तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम तेजी से बदलती स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। क्षेत्र में हमारे दूतावास भारतीय समुदाय के साथ निकट संपर्क में हैं। यह महत्वपूर्ण है कि क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनी रहे। रिपोर्टों के अनुसार ईरान ने 185 ड्रोन, 110 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें और 36 क्रूज मिसाइलें इजरायल पर दागीं जिन्हें ईरान, इराक और यमन से लॉन्च किया गया था।

### बागेश्वर में कार खाई में गिरी, चार युवकों की दर्दनाक मौत

बागेश्वर/नैनीताल। उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार को सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक कार के खाई में गिरने से चार युवकों की मौत हो गयी है। मृतकों में तीन एक ही गांव के रहने वाले हैं। शवों को बाहर निकाला गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल के अनुसार बालीघाट-धरमधर मोटर मार्ग पर आज सुबह ग्राम भाटनीकोट के पास एक अल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में जा गिरी। जिससे चार युवकों की मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन बल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ राहत व बचाव कार्य चलाया गया। चारों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। शवों को बाहर निकाल लिया गया है। मृतकों में तीन एक ही गांव जुनाइल दोफाड़ के हैं।

## लोस चुनाव : भाजपा ने मोदी की गारंटी नाम से संकल्प पत्र किया जारी, अगले पांच साल तक मुफ्त राशन

# युवा-नारी शक्ति, गरीब व किसान, विकसित भारत के चार स्तंभों पर फोकस

### आने वाले पांच साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की गारंटी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए रविवार को अपना संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 को जारी किया। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय के विस्तारित भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में यह संकल्प पत्र जारी किया है। संकल्प पत्र जारी होने के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने घोषणात्र की सुचिता को फिर स्थापित किया है।

ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ-युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा एवं गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ़्त भोजन की योजना पांच साल और चलेगी ताकि वे किसी वजह से फिर से गरीबी के जाल में नहीं फंस जाएं। भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि 10 साल इस बात का प्रमाण है कि मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी होने की गारंटी है।



इस संकल्प पत्र में पार्टी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी ज्ञान-(गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति) को लेकर आगे बढ़ रही है और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। एक व्यक्ति, जो आज भरोसे का पर्याय बन चुका है। क्योंकि मोदी की गारंटी ही गारंटी पूरी होने की गारंटी है। आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये है मोदी की गारंटी। इस संकल्प पत्र को तैयार करने के लिए विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा के दौरान के प्राप्त सुझावों, विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों से प्राप्त सलाहों और नमो ऐप एवं ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त कुल करीब 15 लाख सुझावों को संकलित किया गया है। इन सुझावों की आर्थिक व्यवहार्यता का अध्ययन करने के बाद उनकी 360 डिग्री समीक्षा की गयी तथा चुने सुझावों को समेकित करके उन्हें 24 विषयों में वगीकृत किया गया। पुनः इनमें से दस विषयों को गरीब कल्याण एवं सामाजिक विकास के वर्ग में तथा 14 विषयों को विकसित भारत के वर्ग में रखा गया है। समारोह को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा श्री राजनाथ सिंह एवं भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने संबोधित किया।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक होगी सख्त कार्रवाई : मोदी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पार्टी के संकल्प पत्र को 140 करोड़ देशवासियों की एंबीशन (आकांक्षाओं) पूरा करने का मिशन बताया। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नए अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों और केन्द्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी।

**काल के विचारों को आगे बढ़ा रही पार्टी: जेपी नड्डा**

जेपी नड्डा ने आगे कहा, हम जानते हैं कि आज संकल्प पत्र का चित्रांकन होगा। लेकिन हम लोगों को ये भी ध्यान रखना चाहिए कि बीजेपी और जनसंघ काल से शुरू हुई एक असंबद्ध आधारित पार्टी के गुण, उन विचारों को लगातार छोड़े गए वाद्ययंत्र अधिष्ठान की यात्रा में हम सब लोग शामिल हैं। जब-जब चुनाव आता है, तब-तब हम सब लोग उसी तरह से विसवत यात्रा को आगे बढ़ाने का काम करते हैं।

### गैस कनेक्शन व पीएम सूर्यघर से जीरो बिजली बिल का वादा

संकल्प की खास बातें :आने वाले पांच साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की गारंटी। अगले पांच साल तक मुफ्त राशन, पानी और गैस कनेक्शन और पीएम सूर्यघर से जीरो बिजली बिल। आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज जारी रहेगा। मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर, स्वास्थ सेवाओं का विस्तार। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी, हर नागरिक को हाई क्वालिटी शिक्षा प्राप्त होगी। 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करेंगे। युवाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, हाईवैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप और टूरिज्म और खेल के जरिये लाखों रोजगार के अवसर मिलेंगे।

नारी तू नारायणी के तहत आगे 3 करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे। महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप को सर्विस सेक्टर से जोड़कर नए अवसर देंगे। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओस्टियोपोरोसिस पर विशेष ध्यान देंगे। महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाए जाएंगे। नारी वंदन अधिनियम को लागू करेंगे। बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश करेंगे। श्रीअन्न को सुपर फूड की तरफ स्थापित करेंगे। नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती से जमीन की सुरक्षा करेंगे। कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे। मछुआरों के लिए नाव का बीमा, फिश प्रोसेसिंग यूनिट, सैटेलाइट के जरिये समय पर जानकारी इन सब को मजबूत करेंगे। मछली पालकों को सी-वीड और मोती की खेती के लिए प्रोत्साहित करेंगे। गिग वर्कर्स, माइग्रेंट वर्कर्स, टैक्सी ड्राइवर, ट्रक ड्राइवर, ऑटो ड्राइवर, कुली और घर में काम करने वाले श्रमिकों ई-श्रम पर जोड़ कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देंगे।

हाईवे पर ट्रक चालकों के लिए आधुनिक सुविधाएं बनवाएंगे। भारत योग का ऑफिशियल सर्टिफिकेशन देगा। विश्वभर में तिरुवल्लूवर कल्चरल सेंटर के माध्यम से भारत की संस्कृति को विश्व में ले जाएंगे। भारत की क्लासिकल भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था उच्च शिक्षण संस्थाओं में करेंगे। 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित करेंगे। एकलव्य स्कूल, पीएम जनमन, वन उत्पादों में वैल्यू एडिशन एवं ईको टूरिज्म को बढ़ावा देंगे। ओबीसी, एससी, एसटी समुदायों को जीवन के हर क्षेत्र में सम्मान देंगे। भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की गारंटी। अर्बन हाउसिंग, ट्रांसपोर्टेशन, वाटर मैनेजमेंट, साफ हवा, कचरे के ढेर से मुक्ति और स्वच्छ पानी के लिए मिशन मोड पर काम होगा। विश्वभर में रामायण उत्सव मनाएंगे। अयोध्या का विकास होगा। 5जी नेटवर्क टेक्नोलॉजी का विस्तार करेंगे, 6 जी पर काम करेंगे। भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक सख्त कार्रवाई होगी।


परफॉर्म, रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म का मंत्र शासन के हर क्षेत्र में लागू होगा। भारतीय न्याय संहिता लागू होगी। वन नेशन, वन इलेक्शन के साथ ही कॉमन इलेक्टोरल रोल की व्यवस्था होगी। समृद्ध भारत के लिए विश्वकर्मा परिवारजन, एमएसएमई और छोटे ट्रेडर्स को स्किल सिखाने, क्रेडिट देने, और उनके उत्पादन को बाजार से जोड़ने की गारंटी।

भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की गारंटी। रेलवे में नई पटरियां जुड़ेंगी। नई वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनें आएंगी। वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनेंगे, आने वाले वर्षों में वेटिंग लिस्ट की समस्या खत्म होगी। नए एयरपोर्ट हाईवे, मेट्रो, अंडरवाटर मेट्रो का निर्माण जारी रहेगा। उत्तर, दक्षिणी पूर्वी भारत में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की फिजिबिलिटी स्टडी शुरू होगी। नॉर्थ-ईस्ट में विकास यात्रा जारी रहेगी। तटीय, द्वीप, पहाड़ी हर क्षेत्र की विशेष जरूरतों के अनुसार मास्टर प्लान बनाने की तैयारी। भारत स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वीकल टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनेगा। 2047 तक उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करेंगे। पेट्रोल आयात को कम करेंगे।

# बिहार के विकास में केंद्र सरकार से मिल पूरा रहा सहयोग : नीतीश

### मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से पंचायत अध्यक्षों से किया संवाद

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को वर्चुअल माध्यम से विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के पंचायत अध्यक्षों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव सम्बंधित तैयारियों का जायज लिया साथ ही एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने हेतु पार्टी के तमाम पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर एवं बांका लोकसभा जिसमें 9 सांगठनिक जिलों के 90 प्रखण्ड इकाई एवं 1174 पंचायत इकाई के अलावे इन पांचों लोकसभा के प्रमुख साथियों सहित तकरीबन 5 हजार लोग इस वर्चुअल बैठक में शामिल हुए। साथ ही प्राथमिक इकाई के 14 लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना विचार रखा। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए को जीत दिलाने के लिए सभी लोगों को मजबूती से काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है इसलिए हमें पुनः नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सारी जगहों पर भी जाएंगे और आम लोगों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ने राजद को भी निशाने पर लिया और कहा कि 15 सालों में उनलोगों ने कुछ नहीं किया। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाने का काम किया। हमें मौका मिल तो हमनें बिहार की महिलाओं को पंचायती राज एवं नगर निकायों में 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। 2005 में बिहार का बजट 24 हजार करोड़ रुपये थे लेकिन आज वही बजट 2 लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। 2005 के बाद हिन्दू-मुस्लिम के बीच होने वाले झगड़े बिल्कुल बंद हो गए। श्री नीतीश कुमार ने अपील करते हुए कहा कि पिछली बार से बड़े अंतर से जीत हासिल करने का संकल्प लें। इस वर्चुअल बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी एवं राज्यसभा सांसद सह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार झा ने भी अपने विचार रखें। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधानपार्षद सह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, डॉ नवीन आर्या चंद्रवंशी एवं मनीष कुमार मौजूद रहें।

# कितने लोगों की मिलेगी नौकरी, घोषणापत्र में जिक्र नहीं : तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भारतीय जनता पार्टी घोषणा पत्र पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तंज कसा है। रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बीजेपी के घोषणा पत्र में किसी के लिए कुछ नहीं है। मेनिफेस्टों में सिर्फ इधर-उधर की बातें कही गई हैं। तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी ने जो चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें युवाओं का कोई जिक्र नहीं किया गया है। देश में 60 फीसदी युवा हैं लेकिन उनके लिए बीजेपी के घोषणा पत्र में कुछ नहीं है। उसी तरह से देश में 80 फीसद किसान हैं और किसानों के बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया है। कितने लोगों को नौकरी देंगी, इसकी चर्चा तक नहीं की गई है। बिहार के साथ-साथ और भी जितने गरीब प्रदेश हैं, उनको आगे बढ़ाने के लिए कुछ नहीं है, केवल इधर-उधर की बातें कही गई हैं। हमारा मानना है कि उसमें बिहार के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में बिहार के लिए कुछ भी नहीं है। न स्पेशल पैकेज का जिक्र किया गया और ना ही बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात कही गई। बिहार और उसकी तरह जो गरीब प्रदेश हैं बीजेपी उन्हें कैसे आगे बढ़ाएगी। किसान और युवाओं के लिए क्या करेंगे, इसका तो कई जिक्र ही नहीं किया गया है। महंगाई और गरीबी को कैसे खत्म करेंगे इसके बारे में भी कोई जिक्र उनके घोषणा पत्र में नहीं है। तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी के लोगों ने पिछले 10 सालों में क्या-क्या नहीं कहा लेकिन क्या किया यह सबको पता है। पांच साल तक मुफ्त राशन देने के बीजेपी की घोषणा पर तेजस्वी ने कहा कि फूड सिक्योरिटी बिल देश में कांग्रेस लेकर आई थी। ये अलग से क्या कर रहे हैं? केवल स्कीम का नाम बदल देना है और बिहार जैसे राज्यों पर भार डाल देना है। जितनी भी केंद्रीय योजनाएं हैं पहले राज्य सरकार को 10 फीसदी देना पड़ता था लेकिन आज पचास फीसदी हिस्सा राज्य को देना पड़ रहा है।

### घोषणा पत्र से महंगाई व बेरोजगारी गायबः राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब हैं। गांधी ने आज यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। गांधी ने कहा कि इंडिया समूह की योजना बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की पक्की नौकरी दी जाएगी। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आएगा तथा कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार क्रांति लाएगा। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती है। भाजपा उनके बनाए संविधान को खत्म करने की स्पष्ट रूप से साज़िश रच रही है। प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाने के लिए मंच से खुद कुछ और बोलते हैं और अपने नेताओं से कुछ और बुलवा रहे हैं। रमेश ने कहा, उनका मकसद साफ है झ यदि इस बार उन्हें मौका मिला तो सबसे बड़ा खतरा बाबा साहेब के संविधान पर होगा।

### झंझारपुर से सुमन कुमार महासेठ होंगे वीआईपी प्रत्याशी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। महागठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी ने अपने प्रत्याशी का एलान कर दिया है। मुकेश सहनी की पार्टी ने झंझारपुर सीट से पूर्व एमएलसी सुमन कुमार उर्फ सुमन कुमार महासेठ को प्रत्याशी बनाया है। वीआईपी ने यहां से सुमन कुमार को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने रविवार को बताया कि जल्द ही अन्य दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। बता दें कि सुमन कुमार को 2020 के विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

# अमेरिका ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की

### बाइडन जी-7 देश के नेताओं के साथ करेंगे बैठक

प्रात : किरण

वाशिंगटन/एजेंसी। अमेरिका, कनाडा, संयुक्त राष्ट्र, जर्मनी आदि देशों ने इजराइल पर ईरान के हवाई हमले की निंदा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यहूदी राष्ट्र इजराइल के प्रति अमेरिका की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहरायी और हालात पर विचार विमर्श तथा आगे की कार्रवाई के लिए जी-7 देशों के नेताओं की एक बैठक बुलाने की बात कही। इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि शनिवार देर रात ईरान ने हमला किया और उस पर सैंकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल तथा क्रूज मिसाइल दागीं। एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइल दागी गईं जिनमें से 99 प्रतिशत को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। बाइडन ने कहा, हमने लगभग सभी ड्रोन और मिसाइल को मार गिराने में इजराइल की मदद की। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से शनिवार को फोन पर बात की। उन्होंने कहा, ईरान तथा यमन, सीरिया एवं इराक के उसके हमदर्दों ने आज इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अप्रत्याशित हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि हमला खास ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया था। सीरिया में एक अप्रैल को हवाई हमले में ईरानी वाणिज्य दूतावास में एक शीर्ष कमांडर सहित आईआरजीसी के सात अधिकारियों के मारे जाने के बाद ईरान ने बदला लेने का प्रण लिया था। ईरान ने इस हमले के पीछे इजराइल का हाथ होने का आरोप लगाया था। हालांकि इजराइल ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। नेतन्याहू ने ईरानी हमले के बाद कैबिनेट की बैठक बुलाई और बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन से बात की। नेतन्याहू ने कहा कि बाइडन ने इजराइल की सुरक्षा के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई है। बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे।

## लोस चुनाव
### संसदीय प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी एवं महिला सशक्तिकरण के दावों की खुली कलई

# महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी देने में राजद अव्वल

### राजद के उम्मीदवारों की सूची में छह महिलाएं शामिल

रामाधार प्रसाद

पटना। संसदीय प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर सियासी दलों द्वारा बड़े- बड़े दावे किये जाते हैं। लेकिन जब साबित करने का मौका आता है तो सारे दावे फिसड्डी हो जाते हैं। लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों की सूची जारी की जा रही है। सूची पर गौर करें तो महिलाओं की भागीदारी नगण्य है। महिला सशक्तिकरण को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाले सियासी दलों की मंशा उजागर हो गई है। एनडीए गठबंधन में ने सभी प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी कर दी है। सूची में एक भी महिला का नाम नहीं है। देश की सबसे बड़ी पार्टी की सूची में एक भी महिला को उम्मीदवार नहीं बनाया जाना हैरत करने वाली बात है। वहीं, जदयू ने 16 सीटों में दो महिला को प्रत्याशी बनाया है। सीवान सीट से विजय लक्ष्मी तो शिवहर से लवली आनंद चुनावी मैदान में हैं। लोजपा रामबिलास ने 5 सीटों में दो महिलाओं को टिकट दिया है। पार्टी प्रमुख चिराग ने वैशाली से वीणा देवी तो समस्तीपुर सुरक्षित सीट से बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी को मैदान में उतारा है। वहीं, पूर्व सीएम जीतन राम मांझी



की पार्टी हम सेक्यलर व पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोकमोर्चा से एक भी महिला को मौका नहीं मिला है। दोनों पार्टी को एक-एक सीट मिली है, जहां से दोनों खुद चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन में राजद ने अपने कोटे के 23 में 22 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। राजद ने बड़ा दिल दिखाते हुए 6 महिला शक्ति को चुनावी समर में उतारा है। कांग्रेस ने 9 में तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया है। इसमें कोई महिला का नाम नहीं है। वाम दलों की ओर से भी महिलाओं को मौका नहीं मिला है। इंडिया गठबंधन में भाकपा माले तीन, भाकपा व माकपा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को राजद ने अपने कोटे से तीन सीटें दी है। उम्मीदवारों को लेकर वीआईपी में माथापच्ची जारी है।

**राजद से सबसे अधिक छह महिला प्रत्याशी चुनावी समर में:** राजद ने इस बार के लोकसभा चुनाव में छह महिला शक्ति को चुनावी समर में उतारा है, जिनमें से पांच पहली बार लोकसभा का चुनाव में अपनी तकदीर आजमायेंगी। राजद के टिकट पर इस बार के चुनाव में 23 प्रत्याशी चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमायेंगे। राजद ने इस बार छह महिला शक्ति को चुनावी मैदान में उतारा है।

इनमें राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की दो पुत्री मीसा भारती, रोहिनी आचार्य, बीमा भारती, रितु जायसवाल, अनिता देवी और अर्चना रविदास शामिल है। इनमें मीसा भारती को छोड़ अन्य पांच महिला शक्ति पहली बार लोकसभा के रण मे अपनी तकदीर आजमा रही हैं। लालू-राबड़ी की पुत्री राज्यसभा सांसद मीसा भारती तीसरी बार पाटलिपुत्रा संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने जा रही है। इससे पूर्व मीसा भारती ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में पाटलिपुत्रा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों बार उन्हें भाजपा उम्मीदवार राम कृपाल यादव से हार का सामना करना पड़ा।

इस बार के चुनाव में भी मीसा भारती का मुकाबला पूर्व केन्द्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी राम कृपाल यादव से होगा। लालू-राबड़ी की दूसरी पुत्री रोहिणी आचार्य सारण संसदीय सीट, रूपौली की विधायक बीमा भारती पूर्णिया से, पूर्व मुखिया रितु जायसवाल शिवहर से, अनिता देवी मुंगेर और अर्चना रविदास जमुई (सु) सीट से पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी किस्मत आजमायेंगी। वर्ष 2019 के चुनाव मे महागठबंधन में शामिल राजद के टिकट पर तीन महिला शक्ति पाटलिपुत्र संसदीय सीट से मीसा भारती, सीवान से पूर्व बाहुबली सांसद मोहम्मद शाहबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब, और नवादा से राजबल्लभ यादव की पत्नी श्रीमती विभा देवी ने चुनाव लड़ा लेकिन तीनों को कामयाबी नहीं मिली। इस बार के चुनाव में राजद ने पिछले चुनाव की तुलना में दुगनी छह महिला शक्ति को चुनावी मैदान में उतारा है, देखना दिलचस्प होगा कि इनमें कितनी महिला शक्ति जोर दिखाकर बाजी अपने नाम करने में सफल होती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती की गैर इरादतन हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कोतवाली पुलिस ने युवती की गैर इरादतन हत्या के आरोप में बीते जनवरी माह से फरार चल रहे युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में चार आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बीते 22 जनवरी को सकल साहनी पुत्र महेश्वर साहनी निवासी झुग्गी झोपड़ी, मायाकुंड, ऋषिकेश ने कोतवाली में लिखित तहरीर दर्ज कराई। जिसमें बताया कि 21 जनवरी की शाम पड़ोस में रहने वाले बैजनाथ साहनी ने साथियों सहित उनके परिजनों से साथ डंडों व प्रेशर कूकर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिसमें उनकी पुत्री रूपा के सिर पर गंभीर चोट आई और उपचार के दौरान एम्स में उसकी मृत्यु हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बैजनाथ साहनी व साथियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एसएस बिष्ट ने बताया कि मामले में घटना से संबंधित चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि एक अन्य आरोपी छोटू साहनी निवासी झुग्गी झोपड़ी, बंगाली बस्ती, मायाकुंड, ऋषिकेश घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। जिसे पुलिस टीम ने शुक्रवार को योगनगरी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

### दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** रानीपोखरी क्षेत्र के रैनापुर मोड़ पर एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें सवार एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवकों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। रानीपोखरी पुलिस को शुक्रवार सुबह 108 के जरिए सूचना मिली कि ऋषिकेश मुख्य मार्ग पर रैनापुर मोड़ पर एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। जिसमें तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने तीनों घायलों को 108 के माध्यम से हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट भिजवाया। जहां उपचार के दौरान विकास (20) पुत्र नन्हेलाल निवासी मकान नंबर 72 आजाद कॉलोनी चंद्रेश्वर नगर थाना पटेल नगर देहरादून की मृत्यु हो गई। बाइक सवार अन्य दो युवक समीर (18) पुत्र रवीश और आमिर उर्फ नंदू (18) पुत्र फुरकान दोनों निवासी चंद्रेश्वर नगर थाना पटेल नगर देहरादून का हिमालयन अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### सात किलो गांजे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**मौलेखाल(अल्मोड़ा), एजेंसी।** सल्ट में सात किलो गांजे के साथ नैनीताल के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। दोनों गांजे को रामनगर पहुंचाकर ऊंचे दामों में बेचने की फिराक में थे। थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान पॉलिटेक्निक तिराहे पर एक बाइक को रोककर उसमें सवार दो युवकों की तलाशी ली। दोनों के पास 7.6 किलो गांजा मिला। आरोपी युवा गौरव सिंह नेगी (25) और सागर सिंह(21) निवासी जोगीपुरा, रामनगर, नैनीताल को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं, बाइक को सीज किया गया।

### मुख्यमंत्री की सभा के लिए जा रही बस की ट्रक से हुई भिड़ंत

**खटीमा, एजेंसी।** बस और ट्रक की भिड़ंत से बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। घायलों को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालात सामान्य है। खटीमा चटिया फार्म में मुख्यमंत्री के सभास्थल के लिए जा रही एक बस बिगराबाग चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार करीब 22 बच्चे घायल हो गए। घायलों को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# वन कर्मियों पर पथराव, खनन माफिया के गुर्गों ने एक किमी तक किया पीछा

**रामनगर, एजेंसी।**
कोसी नदी में बेखौफ खनन माफिया ने गुर्गों के साथ मिलकर वन विभाग के कर्मचारियों पर पथराव कर दिया। सरकारी वाहन के शीशे भी तोड़ डाले। जान बचाकर भाग रहे वनकर्मियों का माफिया ने एक किलोमीटर तक पीछा भी किया। सुरक्षा के मद्देनजर वन कर्मचारियों को चार राउंड हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी।

वन विभाग की ओर से बन्नाखेड़ा चौकी में पांच नामजद समेत 25 से अधिक आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दी गई है। तराई पश्चमी वन प्रभाग के अंतर्गत रामनगर रेंज, आमपोखरा रेंज व एसओजी की टीम शनिवार को संयुक्त रूप से अवैध खनन रोकने के लिए गश्त पर थी। दो रेंज के करीब दस कर्मचारी जैसे ही कालूसिद्ध के रास्ते पर पहुंचे तो टीम ने अवैध खनन करते तीन वाहनों को पकड़े।

इसके बाद टीम ने नदी क्षेत्र में प्रवेश किया तो देवघाट पर अवैध खनन की सूचना मिली। टीम ने देवघाट पर मय ट्रैक्टर के पीछे लगा बैक कराहा को पकड़ लिया।




वनाधिकारियों ने बताया कि इस बीच काफी संख्या में एकत्रित खनन माफिया ने ट्रैक्टर के बैक कराह ले जाने का विरोध किया। टीम ने ट्रैक्टर के बैक कराह को टीम ने गुलजार पुर वन चौकी पर खड़ा कर दिया। टीम में रामनगर रेंजर जेपी डिमरी, वन दरोगा मोहन चंद्र पांडे आदि अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

वन अधिकारियों की माने तो कार्रवाई के बीच खनन माफियाओं ने आम पोखरा रेंज के सरकारी वाहन पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया। डीजल टैंक को भी तोड़ दिया। किसी तरह कर्मचारी वहां से अपने वाहनों से निकले तो खनन माफियाओं ने उनका पीछा। टीम के कर्मचारियों ने बताया कि खनन माफियाओं को भगाने के लिए चार राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

वन विभाग की टीम को पुलिस का पूरी तरह सहयोग नहीं मिल पाता है। यही वजह है कि घटना के बाद पुलिस द्वारा तहरीर थाना बाजपुर के बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी में दी गई थी। रामनगर रेंजर जेपी डिमरी ने बताया कि देर शाम तक आरोपितों के खिलाफ बन्नाखेड़ा पुलिस द्वारा तहरीर दर्ज नहीं की गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि पुलिस द्वारा इतनी बड़ी घटना की तहरीर क्यों दर्ज नहीं की गई है।

## मां ने कोचिंग के लिए कोटा भेजने से मना किया तो दादा के साथ नैनीताल हाईकोर्ट पहुंची बेटी

**नैनीताल, एजेंसी।**
ऊधमसिंह नगर जिले की 15 वर्षीय किशोरी को मां ने नीट की कोचिंग के लिए राजस्थान के कोटा शहर भेजने से मना कर दिया तो वह दादा की मदद से हाई कोर्ट पहुंच गई।

हाई कोर्ट में दायर अपील में किशोरी का कहना था कि वह अपना करियर बनाने के लक्ष्य के साथ नीट कोचिंग के लिए राजस्थान के कोटा शहर जाना चाहती है, उसके पिता भी उसका समर्थन करते हैं लेकिन मां इसका विरोध करती है और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उसका विवाह करना चाहती है।

इस पर कोर्ट ने किशोरी के अनुरोध को अस्वीकार करते हुए निर्णय दिया कि परिवार के भीतर कलह से किशोरी को किसी तरह का खतरा पैदा नहीं है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि भारत में स्थिति इतनी खराब



नहीं हुई है कि न्यायपालिका को ऐसे घरेलू मामलों में हस्तक्षेप करना चाहिए। ऊधमसिंह नगर की किशोरी ने याचिका दायर कर कोर्ट से कोटा जाने के मामले में बाल कल्याण समिति को हस्तक्षेप करने का निर्देश देने की प्रार्थना की थी। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने मामले को सुनने के बाद याचिका को खारिज करते हुए कहा कि पूरी याचिका में कोई आरोप नहीं है कि याचिकाकर्ता का जीवन या स्वतंत्रता खतरे में है। याचिका में जैसा दावा किया गया है, ऐसे में सुरक्षा देने का कोई मामला नहीं बनता।

## सरोवर नगरी नैनीताल में उमड़े पर्यटक, यातायात व्यवस्था चरमराई; जाम से लोग बेहाल



**नैनीताल, एजेंसी।**
सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड पर सैलानी उमड़े तो यहां होटल व गेस्ट हाउस के साथ वाहनों से पार्किंग स्थल भी पैक हो गए। पर्यटक वाहनों की भीड़ से यातायात व्यवस्था चरमराने से यहां माल रोड समेत अन्य सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए।

जाम का आलम यह रहा कि पांच मिनट का माल रोड का सफर आधे घंटे से भी अधिक समय में बमुश्किल पूरा हुआ। इस दौरान मल्लीताल से लेकर बारापत्थर तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही जबकि दुपहिया वाहनों के सैकड़ों की संख्या में बेरोकटोक आवागमन से यातायात व्यवस्था में व्यवधान पैदा हुआ।

वीवीआइपी ड्यूटी में हल्द्वानी गए पुलिस कर्मियों की वजह से यहां यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए चंद पुलिस कर्मी घंटों तक जूझते नजर आए। शनिवार को यहां भारी संख्या में सैलानी उमड़ आए। भीड़ बढ़ने से नगर के अधिकांश होटल सुबह ही पैक हो गए। दोपहर तक नगर के दूरदराज के होटल, होमस्टे व गेस्ट हाउस भी भर गए। जिस कारण शाम के समय पहुंचे कई सैलानी होटल की तलाश में परेशान नजर आए।

इस बीच पार्किंग व होटलों की तलाश में पर्यटक वाहन रेंगते रहे और नगर के आंतरिक मार्गों में जाम लगता रहा। यहां लोअर मालरोड, स्नोव्यू मार्ग, बारापत्थर मार्ग, नारायण नगर से बारापत्थर व भवाली मार्ग पर घड़ी घड़ी जाम लगने से स्थानीय लोग भी परेशान रहे।

संकरी सड़कों में लगे जाम को खुलवाने में पुलिस कर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान दुपहिया वाहनों के बड़ी संख्या में पहुंचने से नगर के सभी मार्ग वाहनों से पट गए। अनुमान के मुताबिक एक दिन में 20 हजार से अधिक सैलानी नैनीताल पहुंचे। पंत पार्क सहित तिब्बती, भोटिया व बड़ा बाजार पर्यटकों से पटे रहे और रेस्टोरेंट में बैठने को जगह नहीं मिली।

स्नोव्यू, राजभवन, चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन व केव गार्डन में अन्य दिनों की अपेक्षा रिकार्ड सैलानी पहुंचे। झील में सुबह से शाम तक नौकायन के लिए पर्यटकों का तांता लगा रहा। अनुमान के अनुसार शनिवार को ढाई हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने शहर में एंट्री की, इस वजह से जाम भी लगा। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पीआरओ रुचिर साह के अनुसार शहर में अतिरिक्त पार्किंग का इंतजाम जरूरी है, अन्यथा पर्यटन सीजन में परेशानी बढ़ सकती है।

## ऋषियों ने तप से कैलास मानसरोवर झील का पानी खींचकर बनाई थी नैनी झील

**नैनीताल, एजेंसी।**
सरोवर नगरी का प्रसिद्ध नयना देवी मंदिर स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों की आस्था का केंद्र है। मंदिर के गंर्भग्रह में स्थापित मां नयना की मूर्ति के दर्शन से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूरी होती है।

पुराणों के अनुसार अत्री, पुलस्त्य, पुलह ऋषियों ने इस घाटी में तपस्या करते हुए तपोबल से कैलास मानसरोवर झील का पानी खींचा, इसलिए नैनी झील को मानसरोवर की तरह पवित्र माना गया। झील किनारे स्थित मां नयना देवी का मंदिर को देश के 51 शक्तिपीठों की मान्यता प्राप्त है।

वर्णित है कि देवी सती के पिता दक्ष प्रजापति ने विशाल यज्ञ का आयोजन किया लेकिन भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया। इससे खिन्न होकर देवी सती ने शिव की पत्नी बनने की कामना के साथ ही यज्ञ कुंड में प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। इस घटना से दुःखी होकर शिव देवी सती का पार्थिव शरीर कंधे पर टांगे ब्रह्मांड में भटकने लगे।

सृष्टि का संतुलन बिगड़ने से तीनों लोक में हाहाकार मच गया।



जिसके बाद सृष्टि के संरक्षक भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शव के खंड-खंड कर दिए। सती के शरीर के अंश जहां-जहां गिरे वहां शक्तिपीठ बन गए। नैनीताल में देवी सती की बाई आंख गिरी, जो एक रमणिक सरोवर के रूप में रूपांतरित हो गई। 19 शताब्दी में नैनीताल की खोज के बाद श्हार के प्रमुख व्यवसायी मोती राम साह ने सरोवर किनारे मां नयना देवी का मंदिर बनाया। यह मंदिर बोट हाउस क्लब व कैपिटल सिनेमा के मध्य था। 1880 के भूस्खलन में मंदिर नष्ट हो गया। बताया जाता है कि मां नयना देवी ने मोती राम साह के पुत्र अमरनाथ साह को स्वप्न में वह स्थान बताया, जहां मूर्ति दबी पड़ी थी। साह ने बिरादरों व मित्रों के साथ मूर्ति का उद्धार कर नए सिरे से मंदिर का निर्माण किया। वर्तमान मंदिर 1883 में बनकर पूरा हुआ। 21 जुलाई 1984 को मां नयना देवी मंदिर अमर-उदय ट्रस्ट का गठन किया गया, जिसके बाद से मंदिर की व्यवस्था ट्रस्ट के अधीन आ गई। नयना देवी मंदिर पहुंचने के लिए रोडवेज या टैक्सी से नैनीताल आकर पैदल या टैक्सी से मल्लीताल मंदिर तक पहुंचा जा सकता है। कालाढूंगी मार्ग से मल्लीताल फ्लैट्स पार्किंग में वाहन पार्क कर आसानी से मंदिर पहुंचा जा सकता है। मंदिर परिसर में नयना देवी मंदिर के अतिरिक्त बजरंग बली सहित अन्य मंदिर के दर्शन कर सकते हैं।

## 356 होटल-ढाबों की जांच, 77 हजार जुर्माना

**नैनीताल , एजेंसी।**
शुक्रवार को जिले भर में करीब 356 होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट में चेकिंग की गई। इस दौरान अनियमितताएं और कर्मचारियों का सत्यापन न किए जाने पर करीब 57 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने ऑपरेशन सेनेटाइज को सख्ती से लागू किया है। शुक्रवार को जिले भर में करीब 356 होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट में चेकिंग की गई। इस दौरान अनियमितताएं और कर्मचारियों का सत्यापन न किए जाने पर करीब 57 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

शुक्रवार को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 356 होटल, ढाबों और ठेलों की चेकिंग की गई। 65 क्षेत्रों में प्रभावी चेकिंग कर अनियमितता पाए जाने पर 181 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान करीब 57 हजार रुपये का जुर्माना वसूगा गया। दूसरी ओर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की टीम ने कालाढूंगी रोड स्थित दो स्पा सेंटर पर छापामारी की।

पुलिस को सेंटर में न तो यहां आने वाले लोगों का रिकॉर्ड पूरा मिला और न ही वहां काम करने वाले कर्मचारियों का ही सत्यापन किया गया था। टीम ने पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

## दर्दनाक हादसे ने छीन ली चार युवकों की जिंदगी; जल लेने गए थे, मौत के मुंह में समा गए


**बागेश्वर, एजेंसी।** बालीघाट-धरमघर मोटर मार्ग पर चिड़ंग के पास रविवार सुबह हुए कार हादसे में मारे गए युवक गांव में पूजा के लिए बागेश्वर से सरयू का जल लेने आ रहे थे। बताया जा रहा है कि गांव में नवरात्र के अवसर पर पूजा का आयोजन किया गया था। पूजा के लिए गंगाजल लेने के लिए यह युवक रविवार तड़के बागेश्वर आ रहे थे।



चिड़ंग गडेरी के पास कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार सड़क से होते हुए गदेरे में जा गिरी। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त कमल प्रसाद (26) पुत्र लक्ष्मण राम निवासी वडयूड़ा रीमा, नीरज कुमार (25) पुत्र हरीश राम निवासी जुनायाल दोफाड़, दीपक आर्या (22) पुत्र हरीश राम निवासी जुनायल दोफाड़, कैलाश राम (,24) पुत्र देव राम निवासी जुनायल दोफाड़ के रूप में हुई है।

हादसे की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने मृतकों के शव नदी से निकाल लिए हैं। दर्दनाक हादसे की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## 1825 दिन की गद्दी संभालने को 88 घंटे का संघर्ष बाकी, 17 अप्रैल को शाम पांच बजे बंद हो जाएगा शोरगुल



**हल्द्वानी, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के महासमर की उल्टी गिनती प्रारंभ हो गई है। उत्तराखंड की पांच संसदीय सीटों पर 55 प्रत्याशियों ने लोकतंत्र के मंदिर पहुंचने को दिन-रात एक कर दिया है।


उम्मीदवारों के पास प्रचार के लिए अब सिर्फ 88 घंटे का समय बचा हुआ है। यही अंतिम क्षण काफी अहम हैं, क्योंकि तभी आगामी 1825 दिन संसद में गद्दी संभाल कर अपने क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। दरअसल, उत्तराखंड की पांच संसदीय सीटों पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के पहले चरण में मतदान होने हैं। 19 अप्रैल का दिन मतदान के तय किया गया है। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार वोटिंग से दो दिन पहले प्रचार बंद कर दिया जाता है। इस हिसाब 17 अप्रैल को शाम पांच बजे चुनावी शोरगुल थम जाएगा। ऐसे में प्रत्याशियों के पास चार दिन का समय बचा हुआ है। तकरीबन डेढ़ माह से जारी जनसंपर्क और सभाओं का क्रम अंतिम समय में तीव्र करना होगा। वहीं, प्रत्याशियों के अलावा संगठन और कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत लगानी होगी। ऐसा करने से लोकसभा गठन के बाद आगामी पांच वर्ष यानी प्रति वर्ष 365 दिनों के हिसाब से 1825 दिन कमान मिलने की दिशा तय होगी।

## मुनिकीरेती के पीडब्ल्यूडी तिराहे पर फिर पलटा ट्रक, कुछ माह पूर्व इसी स्थान पर हादसे में हुई थी एक मौत

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
मुनिकीरेती के खारास्त्रोत पीडब्ल्यूडी तिराहे के पास एक बार फिर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में चालक को परिचालक घायल हुए हैं। गनीमत रही की रात होने के कारण यहां पर ट्रैफिक नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

कुछ माह पूर्व भी इसी स्थान पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया था। जिसकी चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे।

मुनिकीरेती के खारास्त्रोत पीडब्ल्यूडी तिराहा में शनिवार की देर रात भद्रकाली की दिशा से आ रहा है एक ट्रक बेकाबू होकर तिराहा को पार कर सामने दीवार में घुस गया। इस दौरान तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए।



थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन के भीतर से ड्राइवर गुरदेव सिंह निवासी श्यामपुर हरिद्वार और उसके हेल्पर गुरु चरण निवासी वीरभद्र ऋषिकेश को बाहर निकाला। दोनों को हल्की चोटें आई थी, जिन्हें घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। घटनास्थल पर पलट गए ट्रक को किसी तरह से हटाकर यहां यातायात सामान्य किया गया। पीडब्ल्यूडी तिराहे पर जहां यह हादसा हुआ वह तिराहा बेहद व्यस्ततम है। यहां वाहनों की आवाजाही तथा लोग वाहनों के इंतजार में खड़े रहते हैं। यदि यह दुर्घटना दिन के समय होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। कुछ माह पूर्व यहां एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया था।

## अगले तीन दिन चुनाव प्रचार के बीच रहेगी वर्षा-अंधड़ की एंट्री

**चंपावत, एजेंसी।** चुनाव प्रचार के लिए चार दिन का समय बचा है। इस बीच मौसम करवट बदलने वाला है। 14 से 16 अप्रैल के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों पर बादल छाने के साथ अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज के साथ बौछार पड़ने की संभावना है। ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली चमकने व अंधड़ चलने को लेकर अलर्ट किया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन का पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चुका है। 14 अप्रैल को विक्षोभ सर्वाधिक मजबूत रहेगा। रविवार को कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़, बागेश्वर व अल्मोड़ा जिलों में अधिकांश जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा देखने को मिल सकती है। चंपावत, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर में कहीं कहीं बहुत हल्की से हल्की वर्षा की संभावना है। कुमाऊं में कहीं कहीं पर ओलावृष्टि व 50 किमी प्रति घंटे तक की गति से झोंकेदार हवा चलने को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया है। 15 अप्रैल को वर्षा की मात्रा व दायरा कम होगा। मंगलवार को पिथौरागढ़ व बागेश्वर के ऊंचाई वाले हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 14 व 15 अप्रैल को 3500 मीटर से ऊंचाई वाले स्थानों पर हिमपात हो सकता है।

# 2024 लोकसभा चुनाव के लिए मोदी जी ने भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया है-आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा जुमलों से भरा संकल्प पत्र जारी किया है। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने इसे जुमला पत्र का नाम दिया। इस विषय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साझा करते हुए आतिशी ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के लिए मोदी जी ने भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया है।जुमला पत्र के जरिए भाजपा द्वारा पिछले 10 सालों में पूरे न किए गए वादों का कच्चा चिट्ठा पूरे देश के सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने पिछले 10 सालों में देश के लोगों को अपने जुमलों से बस धोखा देने का काम किया है। मोदी जी ने अगर 10 साल में काम किया है तो उसके आधार पर वोट माँगकर दिखाए, 10 साल के वादों के आधार पर नहीं। आतिशी ने कहा कि, क्या मोदी जी में हिम्मत है कि वो आकर कहें, कि अगर मैंने काम किया है तो मुझे वोट दीजिए, अगर नहीं किया तो मत दीजिए। उन्होंने कहा कि, हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा करने वाले मोदी जी ने 75 पन्नों के जुमला पत्र में ये आँकड़ा तक नहीं दिया कि 10 सालों में उन्होंने कितने युवाओं को रोजगार दिया। मोदी जी ने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज अपने जुमलापत्र में इसका आँकड़ा नहीं दिया; 10 सालों में देश में महंगाई का स्तर कम होने के बजाय बढ़कर दुनिया में दूसरे नंबर पर पहुँच गया। आतिशी ने कहा कि, किसानों की आय दोगुना करने का वादा करने वाली भाजपा के जुमला पत्र में किसानों के आय की बात नहीं,एमएसपी के कानून की बात नहीं; भाजपा किसानों से अपने किए वादों पर मुकर गई। जिस आयुष्मान भारत की आज भाजपा पूरे देश में अपने जुमला पत्र में डुगडुगी बजा रही है, उसपर पिछले साल दिल्ली जैसे छोटे राज्य के स्वास्थ्य बजट से भी कम खर्च हुआ। उन्होंने कहा कि, भाजपा द्वारा जारी जुमलापत्र पर देश का कोई भी व्यक्ति विश्वास नहीं करने वाला है; 10 सालों में भाजपा के जुमलों को पूरे देश ने देखा और इस बार देश के लोग इन जुमलों के खिलाफ वोट डालेंगे।

आप नेता आतिशी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आज भाजपा के 2024 के लोकसभा चुनाव का जुमला पत्र जारी किया है। भाजपा ने पिछले 10 सालों में अपने जो वादे पूरे नहीं किए उसका पूरा कच्चा चिट्ठा इस जुमलापत्र के जरिए सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जब 2014 में चुनाव लड़ा तो उन्होंने देश के युवाओं को रोजगार का वादा करते हुए नारा दिया था कि, बहुत हुई बेरोजगारी की मार, अबकी बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा था कि हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। लेकिन आज 10 साल बाद 2024 के इस जुमले पत्र में मोदी जी नौकरियों का आँकड़ा देने को भी तैयार नहीं है। भाजपा के 75 पेज के जुमलापत्र में कही पर भी ये आँकड़ा नहीं है कि मोदी जी ने पिछले 10 सालों में कितने युवाओं को रोजगार दिया है। मोदी जी ने हर साल 2 करोड़ नौकरियों का जुमला दिया था। लेकिन मोदी जी की सरकार ने खुद देश की संसद में ये आँकड़ा दिया है कि, 10 साल के भीतर 2 करोड़ नौकरियाँ भी उत्पन्न नहीं हुई।

मोदी जी ने तो आँकड़ा नहीं दिया लेकिन आतिशी ने देश की बेरोजगारी का आँकड़ा देते हुए कहा कि, आज भारत के इतिहास में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। आज भारत में युवा बेरोजगारी दर 25% है। आज भारत में ग्रेजुएशन करने वाले 45% युवाओं के पास रोजगार नहीं है।

आतिशी ने कहा कि, मोदी जी ने 2014 में एक और बड़ा वादा किया था, एक बड़ा जुमला दिया था- बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि- देश में महंगाई कितनी कम हुई है इसका आँकड़ा तो मोदी जी दे नहीं सकते। लेकिन अगर हम पिछले 10 सालों का कंज्यूमर प्राइज इंडेक्स देखे तो पिछले 10 सालों में भारत में महंगाई 70% बढ़ी है। और आज भारत इस मामले में तुर्की के बाद दूसरे नंबर पर है। भारत नौकरियों के मामले में आगे नहीं है, आर्थिक विकास के मामले में आगे नहीं है लेकिन दुनिया के आँकड़ों में महंगाई के मामले में भारत को दुनिया में दूसरे नंबर पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि, मोदी जी ने 2014 में एक और जुमला दिया था कि, किसानों की आय को दुगुना करेंगे। आज मोदी जी इस वादे से भाग रहे है और अपने 75 पन्नों के इस जुमलापत्र में वो इसकी बात तक नहीं कर पा रहे है। भाजपा आज अपने जुमलापत्र में ये तक नहीं कह पा रही है कि हम किसानों की आय को दुगुना करेंगे। भाजपा ने किसानों की आय को दुगुना करने के बजाय संसद में किसान विरोधी 3 काले कानून लेकर आई। देशभर के किसान इन काले कानूनों के खिलाफ महीनों तक दिल्ली के बॉर्डर पर बैठे रहे। 750 से ज्यादा किसान शहीद हो गए। लेकिन मोदी जी फिर भी किसानों से नहीं मिले। मोदी जी ने फिर इन तीनों कानूनों को वापस लिया और किसानों को एमएसपी का कानून लाने का वादा किया। किसान आंदोलन को खत्म करवाया लेकिन आजतक मोदी जी एमएसपी का कानून लेकर नहीं आए। आतिशी ने कहा कि, 2 महीने पहले जब किसान फिर से दिल्ली आकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना चाहते थे तो देश के अंदर मोदीजी ने किसानों के विरोध में सरहद बनवा दी। सड़कों पर कीलें ठुकवा दी। ऐसी सरहद बनवा दी, ऐसी कँटीली तारें लगवा दी जैसी भारत-पाकिस्तान के बॉर्डर पर भी न मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसी किसान विरोधी सरकार का नेतृत्व कर रहे है। आज भाजपा के इस जुमला पत्र में कही भी किसानों के आय की बात नहीं की गई है।

# सबसे अधिक यात्रा करने और तीन देशों की निवास पहचान हासिल कर मात्र 3.5 माह की उम्र में बनाया विश्व रिकॉर्ड







OMG BOOK OF RECORDS
INTERNATIONAL RECORD
Most travelled child and securing Residence Identity of three countries
Dikshant Tarun Joshi
(DOB: 17/12/2023)
United Arab Emirates
Master Dikshant Tarun Joshi, aged 3.5 months, Indian National travelled 7700 km (by road and air). He travelled 3100 KM by car inside the countries: Kingdom of Saudi Arabia, United Arab Emirates and India. During his road journey he travelled Riyadh (KSA), Dubai, Abu Dhabi, Ras Al Khaimah, Sharjah, Ajman (UAE); Delhi, Almora, Chakori and Gangolihat (Himalayan regions of India in Pithoragarh). He travelled about 4600 KM by air between Abu Dhabi -Delhi. He secured residence ID of Kingdom of Saudi Arabia, UAE and India.
Authorised Signatory
Mumbai | E: omgbookofrecords@gmail.com | W: www.omgbookofrecords.com

भरत पांडेय नई दिल्ली

मास्टर दीक्षांत तरुण जोशी, उम्र मात्र 3.5 माह ने रिकार्ड बनाया है।इस भारतीय नागरिक ने 7700 किमी सड़क और हवाई मार्ग से यात्रा की। इस नन्हे बालक ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और भारत जैसे देशों के अंदर कार द्वारा 3100 किलोमीटर की यात्रा कर पर्यटन का आनंद लिया। अपनी सड़क यात्रा के दौरान उन्होंने रियाद (किंगडम ऑफ सऊदी अरब), दुबई, अबू धाबी, रस अल खैमा, शारजाह, अजमान (यूएई) तथा भारत में दिल्ली, अल्मोडा, चकोरी, पाताल भुवनेश्वर और गंगोलीहाट (पिथौरागढ़ में भारत के हिमालयी क्षेत्र) मे पर्यटन का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने अबू धाबी-दिल्ली के बीच लगभग 4600 किमी की हवाई यात्रा की। भारतीय पासपोर्ट के साथ-साथ उन्होंने सऊदी अरब साम्राज्य, संयुक्त अरब अमीरात की निवास आईडी भी हासिल की। ओ एम जी रिकॉर्ड ने इनका नाम अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया है । साथ ही उन्हें विश्व रिकॉर्ड सर्टिफिकेट एवं मैडल द्वारा सम्मानित किया। दिल्ली के वेस्ट विनोद नगर निवासी डॉक्टर प्रोफेसर के.सी पांडेय बताया कि यह रिकार्ड इस नन्हे से बालक ने बनाया है। पूरे परिवार में इसे लेकर काफी हर्ष का माहौल है।

# फरवरी में जेल से बाहर आया, फिर गया तिहाड़

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



डाबड़ी थाना की पुलिस टीम ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो लूट, मैचिंग और सेंधमारी के साथ-साथ चोरी की वारदात को अंजाम देता है। इसके पास से चोरी की स्कूटी और बटनदार चाकू बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आनंद कुमार यादव के रूप में की गई है। जो नगली विहार एक्सटेंशन का रहने वाला है और पहले से 10 मामलों में शामिल रहा है। इसमें स्नैचिंग, चोरी इत्यादि के शामिल हैं।

डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से डाबड़ी, तिलक नगर, रनहोला थाना के मामलों का खुलासा किया गया है। जब एसएचओ धनंजय प्रताप की पुलिस की टीम पेट्रोलिंग कर रही थी, उस दौरान इसके बारे में एक इनफार्मेशन मिली। यह किसी वारदात को अंजाम देने के लिए इलाके में घूम रहा है। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की, जिस स्कूटी से जा रहा था, वह चोरी की निकली और तलाशी में चाकू बरामद किए गए। उसके बाद इसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। यह गांजा और दूसरे तरह का ड्रग्स लेता है, उसी की पूर्ति करने के लिए इस तरीके की छोटी-छोटी वारदात को अंजाम देता है। यह फरवरी महीने में ही बेल पर बाहर आया था और उसके बाद फिर यह इलाके में वारदात के लिए निकला।

# द्वारका स्कूल के अंदर स्कूली बसों में लगी भीषण आग

- 40 फायर कर्मियों की टीम बुझाई, 6 बस आई चपेट में

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



द्वारका उपनगरी के सेक्टर - 9 स्थित आरडी राजपाल पब्लिक स्कूल कैंपस के अंदर एक स्कूली बस में आग लग गई। देखते ही देखते उस बस के आसपास खड़ी दूसरी बस भी चपेट में आ गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई रही। एक घंटा बीत जाने के बाद आग पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। आधा दर्जन बस आग की चपेट में आई।

फायर कंट्रोल रूम का कहना है कि दोपहर ढाई बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। पता चला है कि स्कूल बस के अंदर बस में आग लगी है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम को पता चला कि दूसरी और भी बस आग की चपेट में आ गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। ना ही किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना है। असिस्टेंट डिविजनल फायर ऑफिसर रवि नाथ के नेतृत्व में 40 फायर कर्मियों की टीम स्कूल के अंदर बस में लगी हुई आग को बुझाने में जुटी हुई रही।

# नजफगढ़ पुलिस ने ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया



नजफगढ़ थाना की पुलिस टीम ने एक ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल और स्कूटी के साथ एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। इसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने आठ मामलों का खुलासा करने का दावा भी किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान दीपक के रूप में हुई है। यह श्याम विहार, दिल्ली का रहने वाला है। पहले से ऑटो लिफ्टिंग, चोरी और बरग्लरी के पांच मामलों में शामिल रहा है। इसकी गिरफ्तारी से नजफगढ़ और रनहोला थाना के मामलों का खुलासा किया गया है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि इलाके में हुई वाहन चोरी की वारदात को सुलझाने के लिए एसएचओ अजय कुमार की देखरेख में पुलिस टीम काम कर रही थी। इसी छानबीन के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से इसके बारे में पता लगाया और फिर एक सूचना पर इसे छावला रोड पर ट्रैप कर लिया। इसे पकड़ा गया, चोरी की स्कूटी बरामद की गई और फिर मोबाइल और मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया।

## चार भगोड़े आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा जिला पुलिस की टीम ने अलग-अलग इलाके से चार भगोड़े आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गीता कॉलोनी थाना पुलिस की टीम ने अलग-अलग मामले में फरार चल रहे तीन भगोड़े आरोपित को गिरफ्तार किया। शाहदरा जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान बुलंदशहर निवासी अकबर, करावल नगर निवासी अमित और बुलंदशहर निवासी अफजल के तौर पर हुई है। डीसीपी ने बताया कि इलाके में छुपकर रह रहे भगोड़े अपराधियों को पकड़ने का सभी थाना को निर्देश दिया गया। इसी क्रम में गीता कॉलोनी थाना पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में छुपकर रह रहे अकबर, अमित और अफजल नाम के भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। अकबर के खिलाफ साल 2018 में हर्ष विहार थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। 11 जुलाई 2022 को कड़कड़डूमा कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित किया था। अमित के खिलाफ 2009 में न्यू उस्मानपुर थाने में चोरी का केस दर्ज हुआ था। 9 नवंबर 2023 को कड़कड़डूमा कोर्ट ने अमित को भगोड़ा घोषित किया था। इसके अलावा अफजल के खिलाफ वर्ष 2014 में हर्ष विहार थाने में छेड़छाड़ का केस दर्ज हुआ था। 25 नवंबर 2019 को कड़कड़डूमा कोर्ट ने अफजल को भगोड़ा घोषित किया था, तब से इसकी तलाश की जा रही थी। सभी आरोपित पेशेवर अपराधी हैं, अकबर के खिलाफ छह मामले दर्ज हैं, जबकि अमित के खिलाफ 10 और अफजल के खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# धूमधाम से मनाई गई बाबासाहेब की 133वीं जयंती



नई दिल्ली । बड़े ही धूमधाम से मनाई गई बाबासाहेब की 133वीं अंबेडकर जयंती उत्तरी पूर्वी दिल्ली ताहीरपुर दिलशाद गार्डन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन करते हुए आज यानी 14 अप्रैल को परम पूजनीय बोधिसत्व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं अंबेडकर जयंती के रूप में पूरे जोर-शोर ओर उत्साह के साथ मनाई गई। सीमापुरी विधानसभा के प्रभारी राजीव गुगलानी एवं विधानसभा के संयोजक मास्टर प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, इन्होंने इस विशेष अंबेडकर जयंती के मौके पर आम जनता को यह जानकारी देते हुए बताया कि आज ही के दिन 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित महार परिवार में इनका जन्म हुआ था, इसीलिए हर साल आज के दिन को सारे भारतवर्ष में अंबेडकर दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इनको विश्व विभूति, भारत रत्न, सिंबल ऑफ नॉलेज, समस्त नारी समाज के मुक्तिदाता, दलित/पिछड़े/मजलूमों के मुक्तिदाता, भारत भाग्य विधाता, भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान अर्थशास्त्री, महान समाजवादी, महान कानूनवादी, आधुनिक भारत के जन्मदाता, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक, लेखक, क्रांति सूर्य, प्रोफेसर, उच्च कोटि के दार्शनिक आदि जैसे ना जाने कितने और पदों से सम्मानित किया गया था। इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में हिस्सा लेने आए हुए लोगों में दिलशाद गार्डन मंडल की अध्यक्ष सुषमा वाधवा, महामंत्री रघुवीर सिंह, एस.सी. मोर्चा के महामंत्री दीपक सागर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी लोगों ने बाबा साहब को याद करते हुए जो कि गरीबों एवं दलितों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं शत-शत नमन करते हुए हमेशा उनके आदर्शों एवं पद चिन्हो पर चलने का सभी आए हुए गणमान्य लोगों को संकल्प दिलवाया।

# कन्या भ्रूण हत्या के विरोध में कात्यायनी पूजन

नई दिल्ली। स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में शाहदरा गोरख पार्क स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में चल रहे 120वा नवरात्रि महोत्सव एवम शक्ति अनुष्ठान के छठे नवरात्र पर देवी कात्यायनी की पूजा अर्चना कन्या भ्रूण हत्या के विरोध में की गई। संस्थान के सहप्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित 120वा नवरात्रि महोत्सव के छठवें दिन शक्ति रूपा मां कात्यायनी की पूजा अर्चना विधि विधान से कन्या भ्रूण हत्या के विरोध मे संपन्न हुई। पौराणिक कथा के अनुसार कत ऋषि के वंशज कात्यायन की तपस्या भक्ति से प्रसन्न होकर शक्ति कात्यायन के घर प्रकट हुई जिससे शक्ति का नाम कात्यायनी हुआ।वर्तमान परिपेक्ष्य में देखा जाए तो लोग स्त्री रूपी शक्ति की साधना आराधना तो करते हैं लेकिन जब मालूम होता है कि बहु बेटी के गर्भ में पल रहा भ्रूण किसी कन्या का है तो उसे गर्भ में ही मारने की योजना बनने लगती हैं। जबकि भवानी मां आपकी भक्ति से प्रसन्न होकर आपको रिद्धि सिद्धि प्रदान करने आपके परिवार में पधार रही थी लेकिन तथाकथित भक्तो ने अपने हाथ से ही अपने उज्ज्वल भविष्य का नाश कर लिया।कन्या अभिशाप नही बल्कि वरदान होती हैं सौभाग्यशाली लोगो के घर कन्या का जन्म होता है कल्पना चावला, श्री राजमाता, लक्ष्मीबाई, मीरा आदि इसके प्रत्यक्ष प्रमाण है। मंदिर परिसर में प्रसिद्ध उभरते कलाकार मोनू कैलाश द्वारा हाजरी लगाई गई।कात्यायनी पूजन के अंतर्गत कन्याओं को चुनरी ओढ़ाकर दक्षिणा सहित प्रसाद के साथ आदर सत्कार किया गया।नृत्य नाटिका कलाकारों द्वारा शंकर पार्वती की सुंदर नृत्य नाटिका ने भक्तों का मन मोह लिया जिसके साथ भक्तजन नाचने को विवश हो गए। भक्तों द्वारा सामूहिक दुर्गा चालीसा पाठ गायन के बाद फलाहार भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। दुर्गाष्टमी 16अप्रैल शाम 5 बजे से नवरात्र महोत्सव का समापन समारोह मनाया जाएगा जिसमें स्वामीजी द्वारा पूर्ण नवरात्र मौन व्रत साधना सम्पन्न होने के बाद प्रसिद्ध गायक दीपक शर्मा महामाई का गुणगान करेंगे।

# धूमधाम से मनायी गई माँ यमुना जी की जयंती




नई दिल्ली । अनादिकाल से इस धरा पर जड़, जीव, चैतन्य को अपने आशीर्वाद से पल्लवित करनी वाली माँ यमुना जी की जयंती (जन्मोत्सव) 14 अप्रैल 2024 को यमुना परिवार काउंसिल के द्वारा दिल्ली स्थित कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर व माँ यमुना जी की भव्य आरती करते हुए की गई। माँ यमुना जी के जन्मोत्सव में गीता सूरी (प्रबुद्ध समाजसेविका) ने यमुना नदी के आसपास कूड़ा, कचड़ा, प्लास्टिक, पन्नी व गंदगी यमुना नदी में न फैलाए इसके लिए कार्यक्रम में मौजूद सभी यमुना साधकों को यमुना शपथ दिलायी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिल्ली भर से यमुना भक्त व साधक माँ यमुना जी जन्मोत्सव में मौजूद रहे। गौरतलब है कि यमुना परिवार काउंसिल आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनी जी महाराज के सानिध्य व मार्गदर्शन में दिल्ली व उसके आसपास यमुना जी की अविरलता, निर्मलता व स्वच्छता के लिए कार्य कर रही है।

यमुना जी के साधकों व स्थानीय निवासीयों का परिचय यमुना परिवार काउंसिल के निदेशक कपिल गर्ग द्वारा दिया गया। इस मौके पर दिल्ली के विभिन्न पत्रकारों को यमुना परिवार काउंसिल द्वारा जिनमें मुख्य रूप से वीरेन्द्र, संतोष झा, गिरीश, सुधा तिवारी, शशि सिंह एवं आतुशोष आर्य व निशांत को यमुना जी का प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात इस्कॉन मंदिर दिल्ली द्वारा निर्मित दही, खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर कालकाजी व दक्षिण दिल्ली से स्थानीय निवासियों ने यमुना जी की वर्तमान प्रदूषित स्थिति के प्रति अपनी चिंता जाहिर की। इस अवसर पर प्रबुद्ध समाजसेवी रश्मि सेठी, मंजीत सिंह, रतन ध्याल, योगेश खुराना, राधा कृष्णन, जे.पी. शर्मा, महेन्द्र अग्रवाल एवं मोनिका व यमुना महाआरती के संयोजक राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे। यमुना परिवार काउंसिल के निदेशक कपिल गर्ग ने कहा कि वे केन्द्र सरकार से निवेदन करते हैं कि दिल्ली को उसके हिस्से का पानी मिले तथा यमुना जी में बारह महीनों जल उपलब्ध रहे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारतीय संस्कृति के सम्पोषक थे : प्रो.मुरलीमनोहर पाठक

डॉ. भीमराव अम्बेडकर केवल दलितों के नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारतीय जनमानस के लीडर रहे हैं। संविधान समिति की बैठक में बाबा भीमराव अम्बेडकर ने संस्कृत भाषा को देश के सर्वाङ्गीण विकास के लिए सर्वोत्कृष्ट भाषा बतायी थी। शिक्षा के सन्दर्भ मं बाबा भीमराव के विचार भिन्न रहे हैं। उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक को शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया, साथ ही नैतिक शिक्षा को सर्वोपरि बताया। बाबा भीमराव ने कुछ विशेष सन्दर्भों में स्त्रियों के लिए कुछ विशेष नियम भी प्रस्तावित किये थे, जो सर्वसहमति से पारित किये गये। स्त्रियों को उनके अधिकार दिलाने में बाबा भीमराव अम्बेडकर का सर्वाधिक योगदान रहा है। आज बाबा भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयन्ती के अवसर पर स्त्री उत्थान में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का योगदान विषय पर लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में समागत प्रो. शशिकला बंजारी, कुलपति, नीपा ने डॉ.भीमराव के प्रेरक सन्दर्भों का प्रकाशन करते हुए युवाओं को उनके व्यक्तित्व से सीखने के लिए आहूत किया तथा उनके द्वारा स्त्रियों के उत्थान के लिए किये गये कार्यों की प्रशंसा की। मुख्यवक्ता प्रो. नीलम ठगेला ने बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान के उन विशेष अनुच्छेदों का विवेचन किया, जिनमें स्त्रियों के उत्थान के लिए विविध सन्दर्भों में नियम बनाये गये थे। मुख्यवक्ता के रूप में पधारे प्रो. आदेश कुमार ने बाबा भीमराव के शैक्षणिक अवधि एवं उनके मौलिक अवदानों पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो.मुरलीमनोहर पाठक ने अध्यक्षीय वक्तव्य में बताया कि बाबा भीमराव हमारी भारतीय संस्कृति के सम्पोषक रहे हैं, उन्होंने संविधान समिति की बैठक में संस्कृत को राष्ट्रीय भाषा बनाये जाने के लिए प्रस्ताव भी दिया था। उनका प्रत्येक प्रयास स्त्रियों का उत्थान करते हुए भारत देश को सर्वोच्च स्थान पर पहुँचाना था। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सम्मानित आचार्य, अधिकारी एवं शताधिक की संख्या छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केन्द्र की निदेशिका डॉ. सविता राय द्वारा किया गया।

# केजरीवाल के आह्वान पर देशभर में बाबा साहब की जयंती पर आप कार्यकताओं ने ली संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ की शपथ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आह्वान पर पार्टी ने देशभर में बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की जयंती को संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में मनाया। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों की राजधानियों व जिला मुख्यालयों पर पार्टी नेताओं-समर्थकों ने संविधान बचाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ने की शपथ ली। दिल्ली स्थित आप मुख्यालय पर हुए कार्यक्रम के दौरान सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के सांसद खुलेआम संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। इसलिए भाजपा 400 पार सीट मांग रही है। अगर भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल कर दलितों, आदिवासियों व पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एकमात्र केजरीवाल सरकार ने गरीबों को मुफ्त शिक्षा, इलाज, बिजली, पानी देकर बाबा साहब के सपनों को पूरा करने का काम किया है। इसलिए मोदी जी ने उन्हें जेल में डाल दिया। इस बार दिल्लीवालों को सातों सीटों पर भाजपा की जमानत जब्त करनी है। इस दौरान दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, आतिशी व सौरभ भारद्वाज, विधानसभा की डिप्टी स्पीकर राखी बिड़लान, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, जस्मीन शाह समेत अन्य वरिष्ठ नेता, विधायक, पार्षद समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा का सांसद खुलेआम बाबा साहब के संविधान को बदलने की बात कह रहा है- संजय सिंह

इस अवसर पर सांसद संजय सिंह ने कहा कि आज हमने बाबा साहब द्वारा लिखे गए संविधान को बचाने की शपथ ली है। यह शपथ आम आदमी पार्टी के नेताओं के लिए एक वाक्य मात्र नहीं होना चाहिए, यह आप कार्यकताओं के लिए संकल्प होना चाहिए कि अंतिम सांस तक बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़ेंगे। अयोध्या के भाजपा सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी का काम 272 सीट में नहीं चल रहा है। अगर संविधान बदलना है तो दो तिहाई बहुमत चाहिए। इसलिए भाजपा को 400 सीट दीजिए, हमें संविधान बदलना है। यह कितनी खतरनाक बात है। भाजपा का सांसद खुलेआम कह रहा है कि बाबा साहब के लिखे संविधान को बदलना है। मैं भाजपा और आरएसएस से कहना चाहता हूं कि जब तक आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता है, भारत के संविधान को बचाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ेगा। यह हमने शपथ ली है।

मनीष सिसोदिया ने समान शिक्षा व्यवस्था को जमीन पर लाने का काम किया- संजय सिंह संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा में हमें समानता नहीं है। समाज के वंचित, पिछड़े और जाति व्यवस्था के कारण जिनको अधिकार नहीं मिला, मंदिरों में प्रवेश करने, तालाब में पानी पीने, स्कूलों में प्रवेश करने के नाम पर भेदभाव किया गया। बाबा साहब का कहना था कि सभी को शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए। बाबा साहब का यह सपना पूरे देश में केवल आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरा करने का काम किया है। हमने सबको समान शिक्षा का अवसर प्रदान किया है। मनीष सिसोदिया ने दिन रात मेहनत करके समान शिक्षा व्यवस्था को जमीन पर लाने का काम किया। 2015 में सीएम अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया के साथ सरकारी स्कूलों को देखने जाते थे। सरकारी स्कूलों मे मकड़ी के जाले लगे होते थे, बच्चे टाट पर बैठ कर पढ़ते थे, बच्चियों के लिए टॉयलेट का इंतजाम नहीं था। लैब नहीं होते थे, लेकिन केजरीवाल जी ने सरकारी स्कूलों में वातानुकूलित क्लास रूम बनाया और बाबा साहब का सपना पूरा किया। बाबा साहब का सपना था कि भारत के संविधान में हर व्यक्ति की आस्था होनी चाहिए। हर व्यक्ति को संविधान में क्या अधिकार मिले हैं, उसकी जानकारी होनी चाहिए। देश में एकमात्र दिल्ली की केजरीवाल सरकार है, जो सरकारी स्कूलों में बाबा साहब का संविधान पढ़ाती है- संजय सिंह उन्होंने कहा कि 75 साल में बहुत सी सरकारें आई और गईं। दिल्ली में केजरीवाल सरकार भारत की पहली सरकार है और मनीष सिसोदिया पहले शिक्षा मंत्री हैं, जिन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बाबा साहब अंबेडकर का संविधान पढ़ाया जाएगा। जन्म, शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी में अवसर के आधार पर भेदभाव न हो, इसकी ताकत संविधान देता है। भाजपा ने संविधान बदल दिया तो आरक्षण खत्म कर देंगे। बाबा साहब ने कहा था कि सामाजिक व्यवस्था, दुर्भावना और भेदभाव के कारण समाज के बड़े तबके को नौकरी से दूर रखा गया है। भारत के संविधान ने दलित, आदिवासी व पिछड़े समेत समाज के वंचित व शोषित तबके को आरक्षण की व्यवस्था दी। अगर

# दिल्ली-एनसीआर में धूम स्टाइल में करते थे लूट. गिरफ्तार



दिल्ली में क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने इनके पास से दो हाई स्पीड बाइक भी बरामद की है। यह गैंग फिल्म धूम से प्रेरित होकर बाइक के जरिए लूट और स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देता था। दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम कई दिनों से इस गैंग के बारे में जानकारी जुटा रही थी। पुलिस ने दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में कई सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला था।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच को एक इनपुट मिला कि एक बदमाश अशरफ उर्फ गुल्लू जोहरीपुर में मौजूद है। इसके बाद डीसीपी क्राइम ब्रांच अमित गोयल के नेतृत्व में एक टीम तैयार की गई। इस टीम ने जोहरीपुर, नंद नगरी, बेहटा हाजीपुर, लोनी और यूपी के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की, जहां से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। तीनों के नाम अशरफ उर्फ गुल्लू, तौफीक और इश्तिकार हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि पूरा गैंग फिल्म धूम से काफी प्रेरित था। गैंग के लीडर का नाम नजाकत अली है, जो भूरा गैंग का लीडर है। उसने अपना नाम केटीएम रख लिया था, क्योंकि वह हाई स्पीड बाइक पर सवार होकर लूट करता था। हालांकि, नजाकत अली पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. नजाकत पहले दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा और कानपुर में बाइक के जरिए लूटपाट किया करता था। उसके खिलाफ 40 से अधिक मामले दर्ज हैं। गैंग के सदस्य सड़क पर चलते राहगीरों से सोने की चेन और आईफोन लूट लेते थे। गैंग के लीडर नजाकत के बारे में कहा जाता है कि उसने एक बार पहले पुलिस को चैलेंज दिया था कि वह एनसीआर के शहरों में लोगों को सोने की चेन पहनना बंद करवा देगा। यूपी पुलिस के साथ दो अलग-अलग मुठभेड़ों में दो बार गोली लगने के बाद भी वह नहीं रुका और उसने लूट और स्नैचिंग जारी रखी। गैंग के सभी सदस्यों को ऐसा लगता था कि अगर वह बाइक पर सवार हैं तो उन्हें कोई नहीं पकड़ सकता, इसलिए उन्हें सीसीटीवी कैमरे के सामने भी अपराध करने में कोई झिझक नहीं होती थी। पुलिस या चश्मदीद को भ्रमित करने के लिए वे चलती बाइक पर कपड़े बदलते थे। जानकारी के मुताबिक, नजाकत इस गिरोह को बहुत चालाकी से चला रहा है. पकड़े जाने से बचने के लिए वह अपना पता, मोबाइल नंबर और बाइक बदलता रहता है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस ने कई छापेमारियां की हैं, लेकिन वह अब तक गिरफ्तार नहीं हो पाया है।

# बद्री भगत झंडेवाला मंदिरमें कात्यायनी देवी जी की पूजा-अर्चना हुई

नई दिल्ली । शक्तिपीठ झंडेवाला देवी मंदिर मे आज वासंतिक नवरात्र के छठे दिन प्रातः 4 बजे माँ के छठ्वें स्वरूप कात्यायनी देवी का श्रृंगार व पूजा अर्चना की गई। इनका वाहन सिंह है। विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्या ने भगवती जगदंबा की उपासना करते हुए बहुत वर्षो तक कठोर तपस्या की। उनकी इच्छा थी की माँ भगवती उनके घर पुत्री रूप के जन्म ले। उनकी प्रार्थना स्वीकार हुई और माँ कात्यायनी स्वरूप में उनके घर उत्पन्न हुई। भक्तों के लिये मंदिर की ओर से चाय प्रसाद एवं शर्बत की वयवस्था की गई है जो सारा दिन चलता है।। लाइनों मे खड़े भक्तों को अंतिम छोर तक पेयजल की आपूर्ति की। पंक्तियों में खड़े भक्तों के लिए मधुर भक्ति गीत-संगीत की स्वर लहरियाँ गूँजती हैं जिससे भक्तों का उत्साह बना रहे। मंदिर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंदिर प्रवेश से पूर्व भक्तों के सैनिटाईजेशन की भी व्यवस्था की गई है। प्रातःकाल से रात्रि 10 बजे तक हजारों बहनों को निशुल्क मेहंदी लगाई जा रही है। मदर डेयरी के स्टाल पर भक्तों की भारी भीड़ देखी जा सकती है।

## स्योहारा में चंद्रशेखर के समर्थन में हुई जनसभा

● संविधान की हिफाजत के लिए संसद में पहुंचना जरूरीः रावण

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा।आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सुरक्षित सीट से असपा के प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद रावण के समर्थकों ने उनके लिए सिद्दीकी लोन स्योहारा में एक चुनावी सभा का आयोजन किया। सभा के अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के सभासद मास्टर खुर्शीद अहमद ने की तथा सभा का संचालन फैसल हिलाल व मौहम्मद अहमद ने संयुक्त रूप से किया।सभा में नगर की अवाम ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर चंद्रशेखर आजाद के विचारों को सुना।असपा के प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद (रावण) ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान दुनिया के सबसे अच्छे संविधानों में से एक है इसमें सभी को अधिकार दिए और सम्मान दिया गया। सबको अपने-अपने धार्मिक कार्य करने की भी स्वतंत्रता है परंतु आज कुछ नफरत फैलाने वाली ताकते इसका स्वरूप बदलने पर तुली हुई है और खत्म करने पर लगी है हमें संविधान की हिफाजत हर हाल में करनी है ताकि गरीबों, मजलूमों दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों आदि के अधिकार व सम्मान बना रहे। मैंने हमेशा मजलूमो का साथ दिया है इसके लिए मुझ पर अनेक मुकदमे भी किये गये। मैं मुकदमा से नहीं डरता। मैं हमेशा सभी कमजोर वर्गों के लिए काम करता रहूंगा इसके लिए मुझे कितनी बड़ी कुबार्नी क्यों ना देनी पड़े मैं अपने रास्ते से नहीं भटकूंगा। उन्होंने नगीना लोकसभा के युवाओं की बेरोजगारी और स्थानीय विकास के मुद्दे पर भी विचार व्यक्त करते हुए कहा सरकार जो फैक्ट्री हरिद्वार तथा अन्य प्रदेशों में लगा सकती है वह नगीना लोकसभा में भी लगा सकती है इसके लिए मुझे कितना भी बड़ा संघर्ष क्यों ना करना पड़े। में करूंगा। मैं बिना भेदभाव के चहुंमुखी विकास कराकर नगीना को नगीना बनाकर चमकाऊंगा। उन्होंने उपस्थित जन समूह से अपील करते हुए कहा कि आने वाली 19 अप्रैल को केतली के चुनाव चिन्ह के सामने वाला बटन दबाकर मुझे विजयी बनाकर संसद में भेजें जिससे मैं हर वर्ग के गरीबो ,मजलूमों की मजबूत आवाज बन सकूं। इस मौके पर गौहर इकबाल एडवोकेट, सैयद सुभानी एडवोकेट, चौधरी अहसन एडवोकेट ,चौधरी वली उर रहमान, शोएब असलम उर्फ शन्नू, ओमपाल सिंह बालियान ,धर्मपाल सिंह ,सत्येंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष असपा, निशांत चौधरी, जमशेद, आलम, सैयद हारिस अली, नवाब अली, नजाकत अली, पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा राजेंद्र सिंह, इफ्तिखार चौधरी, आदिल चौधरी, असद चौधरी, फिरोज अहमद, जीशान अहमद, मामा यूनुस, शाकिर अली पूर्व सभासद, फहीम घोसी, शानू सभासद सहसपुर, राशिद अंसारी सभासद सहसपुर आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मनोज कुमार ने स्योहारा में किया जनसम्पर्क

● पूर्व चेयरमैन अख्तर जलील और पूर्व जिला अध्यक्ष प्रसपा अफजाल चौधरी व सनी अख्तर ने किया जोरदार स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा। नगर में सनी अख्तर ने इंडिया- सपा गठबंधन प्रत्याशी मनोज कुमार के चुनाव प्रचार को गति देते हुए गठबंधन प्रत्याशी को साथ लेकर नगर में जनसंपर्क किया जनसंपर्क के दौरान तमाम समर्थक उनके साथ रहे। तो वहीं इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मनोज कुमार के चुनाव प्रचार में अब नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अख्तर जलील भी अपने समर्थकों सहित चुनावी मैदान में कूद पड़े है। कल शाम पूर्व पालिका चेयरमैन हाजी अख्तर जलील ने अपने निवास पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मनोज कुमार पूर्व जज का नसीम कुरैशी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर निवर्तमान पालिका चेयरमैन हाजी अख्तर जलील के सुपुत्र एवं युवा नेता इमरान अख्तर उर्फ सनी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मनोज कुमार को अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ जोर दार स्वागत कर उपस्थित जनों से चुनाव जीताने की अपील की। जनसंपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अफजाल चौधरी के निवास पर भी गठबंधन प्रत्याशी मनोज कुमार का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत हुआ प्रत्याशी मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा आज देश पर फासिस्टवादी ताकते कब्जा करने का पूरा प्रयास कर रही है और संविधान को बदलने का प्रयास कर रहे है संविधान ने सभी धर्म के लोगों को अधिकार दीये है हमें संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन को वोट करना चाहिए इस अवसर पर अरशद खान राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी एडवोकेट जफर मलिक सदस्य प्रदेश कांग्रेस, इंतखाब अहमद बड़े बाबू, कांग्रेसी नेता नौशाद प्रिंस, मुस्तकीम मलिक पूर्व सभासद, उमर जावेद, अयान जावेद, फुरकान चौधरी, यासीन अंसारी आदि सहित तमाम समर्थक मौजूद रहे।

## स्टॉप लाइन उल्लंघन के मामले 20 फीसदी बढ़े



नई दिल्ली। स्टॉप लाइन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई जारी है। वर्ष 2023 में एक जनवरी से 31 मार्च तक 1, 05, 317 चालान किए गए थे, जो इस वर्ष बढ़कर 1, 26, 084 हो गए। रेडलाइट पर स्टॉप लाइन बनाने का मकसद राहगीरों के लिए उस जगह से सड़क पार करना होता है। कई बार लोग वहां पर गाड़ी खड़ी कर देते हैं, जिससे राहगीरों को मुश्किल होती है। कई बार वे हादसे का शिकार भी हो जाते हैं। इसके साथ ही यातायात का प्रवाह भी बाधित होता है। इसे रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। वही, उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। इस वर्ष के शुरूआती तीन महीनों में साल की तुलना में 20 फीसदी ज्यादा चालान किए गए हैं। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वह यातायात नियमों का उल्लंघन न करें और रेडलाइट पर गाड़ी को स्टॉप लाइन से पीछे रखें। इन स्थानों पर सबसे ज्यादा चालान हुए

| | |
|---|---|
| डिफेंस कॉलोनी | 24, 716 |
| मयूर विहार | 13, 285 |
| सफदरजंग एंक्लेव | 12, 552 |
| लाजपत नगर | 8, 275 |
| द्वारका | 8, 247 |

## कलेक्ट्रेट सभागार में मनाई गई बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती

● चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, बाबा साहेब के जीवन पर डाला प्रकाश

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर का 134वाँ जन्म दिवस का कार्यक्रम भव्यता के साथ मनाया गया इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने सर्वप्रथम डा0 भीमराव अम्बेडकर चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। तदोपरांत अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री सुरेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) माया शंकर उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव पुष्कर नाथ सुनीता सिंह उप जिलाधिकारी भगत सिंह आदि अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया।जिलाधिकारी महोदय ने बाबा साहब के व्यक्तित्व कृतित्व पर समर्पित एवं सामाजिक परिवर्तनकारी जीवन पर आधारित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सुधारों को अम्बेडकर जी ने आगे बढ़ाया और सरोकारों को प्राथमिकता दी। उन्होने हमेशा समाज सुधार और राष्ट्रीय एकीकरण की बात कही। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी बाबा साहब ने शिक्षा प्राप्त की और देश को नई दिशा दी । उनके जो विचार हैं उन विचारों से हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं के सम्मान के लिए अनेक कार्य किया जो उनको आगे बढ़ा रहे हैं और देश को नई दिशा दे रहे हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर (14 अप्रैल, 1891-06 दिसंबर, 1956), डॉ॰ बाबासाहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आन्दोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ताओं में से एक थे।अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि हमें डा0 साहब के विचारों एवं आदर्शों को अक्षरशः पालन करना चाहिये।बाबा साहब ने सामाजिक बुराइयों से घिरे होते हुये भी इतनी ऊँचाईयों पर पंहुच कर भारत में अपना नाम रोशन कर दिया। उन्होने कहा कि जिस तरह बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर कर्म के सिद्धान्त पर चलते थे, उसी तरह हमें भी कर्म पर पूरा ध्यान देना चाहिये, । हमे महापुरूषों के बताये हुये मार्गों का सदैव अनुसरण करना चाहिये। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने कहा कि यदि देश का विकास करना है तो उस समाज के महिलाओं को शिक्षित करना चाहिए।उन्होने कहा कि डा0 साहब एक अच्छे इंसान थे और उन्होने इन्सानियत का परचम भारत में लहराया। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री मायाशंकर जी ने कहा कि डा0भीमराव अम्बेडकर जी संविधान निमार्ता, उच्च कोटी के दार्शनिक, समाज सुधारक, विशलेषक, कानून के मर्मज्ञ , गरीबों एवं दलितों के मसीहा थे। हमें उनके मार्गों का अनुसरण करते हुये शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिये। शिक्षा के द्वारा ही समाज में, देश में उच्चतम स्थान पाया जा सकता है।गोष्ठी के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0) सुरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मायाशंकर यादव, जिला आबकारी अधिकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी उप जिलाधिकारी विभा सुनीता सिंह भगत जी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धूम स्टाइल में दिल्ली एनसीआर में रोड रॉबरी कर मचाते थे धूम



● हाई स्पीड बाईक से लूट लेते गोल्ड चेन, आई फोन
● वारदात के बाद पुलिस को चकमा देने बाईक पर बदल लेते कपड़ा
● 26 वारदात का खुलासा,, गैंग लीडर अब भी फरार
● यूपी पुलिस से दो बार हो चुकी मुठभेड़, फिर भी पकड़ से बाहर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

क्राइम ब्रांच की टीम ने एक गैंग के तीन डेसपरेट क्रिमिनल को गिरफ्तार किया है। यह लोग धूम स्टाइल में हाई स्पीड बाइक से दिल्ली और एनसीआर में घूमते थे और वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार 15 दिनों के अंदर 26 वारदात को अंजाम दे दिया है। इनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। जिनमें से एक फ्ज़ 5 यामाहा बाइक भी शामिल है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान अशरफ उर्फ गुल्लू तौफीक और इस्तकार के रूप में हुई है। यह लोग सड़क पर गोल्ड चेन, आईफोन आदि लुटते थे। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि अशरफ पहले ऑटो ड्राइवर था, इसके ऊपर पांच मामले चल रहे हैं। यह एक अप्रैल को ही जेल से बाहर आया था। इस्तकार भी ऑटो ड्राइवर था और इसके ऊपर चार मामले चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी से शकरपुर, मयूर विहार, लक्ष्मी नगर, पांडव नगर, विकासपुरी, हरी नगर, जनकपुरी, अशोक विहार, केशव पुरम, सुभाष प्लेस, पश्चिम विहार ईस्ट, जनकपुरी, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, सीआर पार्क, मुखर्जी नगर, मानसरोवर पार्क, इंदिरापुरम, नोएडा थाना के मामलों का खुलासा किया गया है। इस गैंग के बारे में एक इनफार्मेशन मिली थी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाना शुरू किया था और उसी के आधार पर छानबीन शुरू की गई। एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर केके शर्मा की टीम ने नंदनगरी में छापा मारा और एक-एक करके इनको गिरफ्तार किया। इस गैंग का मास्टरमाइंड नजाकत अली उर्फ केटीएम है। यह लोग फिल्म धूम से इंस्पायर हैं और हाई स्पीड बाइक चुरा करके लूट की वारदात को अंजाम देते हैं। नजाकत पहले से 40 मामलों में शामिल रहा है यह हाई स्पीड बाइक से रोड रोबरी को अंजाम देते हैं। दो बार यूपी में पुलिस के साथ मुठभेड़ भी हो चुका है, लेकिन यह अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है।

## सामाजिक न्याय को बचाने में सफल रहे बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर : महबूब



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। सदर विधायक अमरोहा/पूर्व केबिनेट मंत्री, सभापति, लोक लेखा समिति उ०प्र० महबूब अली ने अपने कैम्प कार्यालय मौह० दानिशमन्दान पर बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मोत्सव मनाया। श्री अली ने कहा कि डा० भीमराव अम्बेडकर जी के महत्वपूर्ण योगदान से बने भारतीय संविधान जो दुनिया के बेहतर संविधानों में से एक है तथा इस संविधान में समाज के सभी वर्गो धर्मो को बेहतर प्रतिनिधित्व भेदभाव से आजादी तथा एक लोकतांत्रिक संविधान दिया। डॉ भीमराव अम्बेडकर आजाद भारत के पहले कानून मंत्री रहें।इस मौके पर श्री अली साहब ने ये भी कहा की बाबा साहब सविधान रचियत को धन्यवाद करता हूँ कि कुछ लोगो की नकारात्मक मानसिकता के बावजूद सामाजिक न्याय को बचाने में सफल है। इस मौके पर श्री परवेज अली, सदस्य, विधान परिषद मुरादाबाद-बिजनौर, जाहिद हुसैन, मुख्तार नकवी, रिजवान प्रधान, वीरभान सिंह यादव, शशीकांत गोयल, जिशान प्रधान आदि समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## ड्रग्सी के गोरखधंधे में शामिल मां अरेस्टे, बेटी की तलाश में जुटी पुलसि

नई दिल्ली। दल्लिीम के नई सीमापुरी इलाके में एक महलिा को ड्रग तस्क,री के आरोप में गरिफ्तार कयिा गया है। महलिा की बेटी भी इस गोरखधंधे में संलप्तिए है। जलिा पुलसि की एंटी नारकोटक्सिग टॉस्की फोर्स ने 47 साल की महलिा को 30.90 ग्राम हेरोइन के साथ गरिफ्तार कयिा है। शाहदरा जलिा डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि जलिे को ड्र्गसी के खतरों से मुक्त करने के लएि बड़े स्त र पर अभयिान चलाया है। अभयिान में एएनटीएफ स्टॉ फ को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है, जसिमें एक ऐसी महलिा को गरिफ्तार कयिा गया है, जो हेरोइन की फुटकर बक्रिी करने का गोरखधंधा चलाती है। पुलसि को एक गोपनीय सूचना मलिी थी कि नई सीमापुरी इलाके में हेरोइन की खुदरा बक्रिी की जा रही है। इस सूचना की लीड लेते हुए शाहदरा एसीपी (ऑपरेशंस) गुरुदेव सिंह की नगिरानी में इंस्पेनक्टेर विनोद कुमार के नेतृत्वप में एक टीम का गठन कयिा गया। इस टीम ने संदग्धिन को पकड़ने के लएि पूरी योजना तैयार की। डीसीपी के मुताबकि, पुलसि टीम को पता चला कि इस ड्रग की सप्लातई में संदग्धिं महिला संलप्ति। है। इसको लेकर टीम ने बेहद सावधानी के साथ पूरा जाल बछिाया। नई सीमापुरी इलाके के नसिरयिा मस्,िमद, 70 फुटा रोड के पास बछिाये गए जाल में संदग्धिइ ड्रग सप्लायिर को पकड़ने में मदद मिली। आरोपी महलिा के पास से पुलसि टीम ने खुदरा तरीके से बेची जाने वाली 30.90 ग्राम हेरोइन की सफल बरामदगी की। बेटी के साथ मलिकर चलाती है गोरखधंधाः पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने खुलासा किया कि वो अपनी बेटी के साथ मलिकर यह ड्रग्सः का गोरखधंधा चलाती है। उसने खुलासा कयिा कि उसकी बेटी अन्ये दूसरे स्त्रोतों से हेरोइन खरीदती थी। उससे मलिने वाली हेरोइन को आरोपी महिला फुटकर में बेचती है। इस ड्रग को बेचने का काम खासकर ई-44 ब्लॉक, दिलशाद कॉलोनी, सीमापुरी इलाके में कयिा जाता था। पूछताछ में बंदि ने बेटी की अहम संलप्तिि का खुलासा कयिा है। इसके बाद पुलसि टीम महिला की बेटी की तलाश में जुट गई है। जलिे में ड्रग्स के खलिाफ अभयिान तेजः डीसीपी चौधरी ने बताया कि महलिा के पास से 30.90 ग्राम हेरोइन की बरामदगी के बाद से इलाके में ड्रग्सा की धरपकड़ के लएि अभयिान को और तेज कर दयिा गया है। आरोपी महलिा न्यू सीमापुरी इलाके की रहने वाली है। पछिले दो मामलों में भी उसकी संलिप्तताएं रही हैं। पुलसि ने उसकी गरिफ्तारी के बाद मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने खुलासा किया कि उसकी बेटी अपने स्त्रोतों से हेरोइन खरीदती थी और उसके बाद उसे ई-44 ब्लॉक दिलशाद कॉलोनी सीमापुरी के इलाके में खुदरा में बेचती थी।

## सफाई अभियान के तहत नालों से 4400 टन से अधिक गाद निकाला

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने मानसून से पहले सभी नालों को साफ करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको लेकर कार्य तेजी से संचालित किया जा रहा है। अब तक दिल्ली में विभिन्न नालों से 4400 टन गाद को निकाला जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि सफाई के लिए दो हजार से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है। साथ ही पीडब्ल्यूडी, डीएसआईआईडीसी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग आदि अन्य विभागों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले नालों की सफाई को लेकर पत्र लिखेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सभी नालों के आपस में जुड़े होने के कारण भारी बारिश होने की स्थिति में नागरिकों को जलभराव का सामना करना पड़ता है।

सभी विभागों में तालमेल बेहद जरूरी : आरडब्ल्यूए

बेगमपुर के आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि सुशील ने कहा कि दिल्ली में विभिन्न विभागों के बीच बारिश के मौसम के दौरान तालमेल बेहद जरूरी है। सभी विभागों को आपस में मिलकर लोगों के हितों में काम करना होगा। जलभराव की समस्या हर साल होती है, इसलिए विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को साथ मिलकर इस समस्या का समाधान तलाशना चाहिए। शनिवार को कुछ देर की बारिश के कारण बेगमपुर, मुबारकपुर डबास, मुंडका, किराड़ी समेत कई जगहों पर पानी भरने से परेशानी हुई थी।

## दिल्ली कमेटी धर्म प्रचार की प्रेरणा से सैंकड़ों प्राणियों ने किया अमृतपान

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी धर्म प्रचार विभाग द्वारा खालसा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा मजनू का टीला में अमृतसंचार का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सैंकड़ों प्राणीयों ने अमृतपान किया। कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलो, धर्म प्रचार के मुखी जसप्रीत सिंह करमसर ने अमृतपान करने वालों को बधाई दी। सः जसप्रीत सिंह करमसर ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से दिल्ली के अलग अलग क्षेत्रों में प्रचारक भेजकर लोगों को अमृतपान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा था जिसके चलते सैंकड़ों लोगों ने आगे आकर अमृतपान किया है जो कि कमेटी की एक बड़ी उपलब्धि कहा जाकता है। उन्होंने कहा धार्मिक कमेटियों का मुख्य काम ही लोगों को धर्म के प्रति जोड़ने का होता है और आज हमें खुशी हो रही है कि हमारी टीम द्वारा जो मुहिम शुरू की गई है वह रंग लाती दिख रही है। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में दिल्ली ही नहीं दूसरे राज्यों में भी इसी तरह के समागम करवाकर लोगों को जागरुक किया जायेगा और अगले खालसा साजना दिवस से पहले हजारों लोगों को अमृतधारी बनाया जायेगा। उन्होंने कहा हर गुरसिख को अमृतपान करके गुरु वाला बनना चाहिए मगर हम किसी तरह का लालच यां जबरन अमृतपान करवाने के सख्त खिलाफ हैं हर सिख को अपनी स्वैच्छा से अमृत की महत्वता को समझते हुए अमृतपान करने के लिए आगे आना चाहिए।

## आजादपुर मंडी में दो ट्रकों के बीच दबा युवक, इलाज के दौरान मौत

नई दिल्ली। आजादपुर मंडी में दो ट्रकों के बीच दबने से इलाज के बाद घर लौटे एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। मृतक के पिता के बयान के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक 18 वर्षीय लालू सिंह अपने परिवार के साथ आदर्श नगर स्थित भडौला गांव में एक किराये के मकान में रहते थे। आजादपुर मंडी में ए ब्लाक स्थित एक दुकान पर काम करते थे। मृतक लालू के पिता जितेंद्र सिंह ने बताया कि बीते 11 अप्रैल की सुबह करीब 6:30 बजे उनका बेटा आजादपुर मंडी में काम पर गया था। तभी दो ट्रकों के बीच आ गया। घर पर आने के बाद उसने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि उसके पेट में तेज दर्द हो रहा है। आनन-फानन में लालू को तुरंत जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के बाद लालू घर आ गया। जितेंद्र ने बताया कि 12 अप्रैल की रात करीब 10 बजे उसकी घर पर ही मौत हो गई। स्वजन ने इसकी सूचना 13 अप्रैल को पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भडौला गांव स्थित लालू के घर पर पहुंची। देखा कि लालू का शव जमीन पर पड़ा है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया।

## फरीदाबाद से दल्लिीय जा रही 17 किलोग्राम गांजे की खेप को एसटीएफ ने पकड़ा, तमलि तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




पुलसि के शाहदरा जलिा की स्पेतशल टास्क फोर्स ने एक कुख्यासत ड्रग तस्कपर को धरदबोचने में बड़ी कामयाबी हासलि की है। हरयिाणा के फरीदाबाद से ड्रग लाकर दल्लिीत के शाहदरा में सप्ला ई करने वाले आरोपी से 17 किलोग्राम से ज्या दा मात्रा में गांजा बरामद कयिा है। आरोपी की पहचान कृष्णन अरुण कुमार, इंद्रपुरी, नई दिल्ली के रूप में की गई है। वह मूलरूप से तमलिनाडु का रहने वाला है। पुलसि ने उसके खलिाफ एनडीपीएस की धारा के तहत मामला दर्ज कयिा है। शाहदरा जलिा डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि जलिे में ड्रग सप्लाउयरों को ट्रैक करने से लेकर उनको पकड़ने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है। इस कड़ी में एसटीएफ को 13 अप्रैल को एक गुप्तक सूचना मलिी थी कि जलिे में भारी मात्रा में गांजे की सप्लानई होने जा रही है। इस सूचना के आधार पर शाहदरा एसीपी (ऑपरेशंस) गुरुदेव सिंह की नगिरानी में सब-इंस्पे क्ट र राम कुमार (इंचार्ज एसटीएफ/शाहदरा) के नेतृत्वा में एक टीम का गठन कयिा गया। दो बड़े प्लापस्ि रक बैग में बरामद कएि 9 पैकेट ड्रग पैडलर को पकड़ने के लएि टीम की ओर से पूरा जाल बछिाया गया। आनंद वहिार के पास मंगलम रोड, रोटरी क्लमब ऑफ दल्लिीज सेंट्रल पर खुफयिा जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए कृष्णन अरुण कुमार नामक शख्सक को रोका गया। टीम ने उसकी गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से एसटीएफ को प्ला सि्लिक के दो बड़े बैग मलिे जिसमें भूरे रंग की टेप से लपिटे 9 पैकेट भी बरामद कएि गए। इन पैकेट का कुल वजन 17.300 किलोग्राम आंका गया। जांच पड़ताल के दौरान इन बरामद पैकेट्स में गांजा भरा हुआ था जसिको शाहदरा जलिा में सप्लापई कयिा जाना था।

तमलिनाडु का रहने वाला है ड्रग सप्लाायर डीसीपी चौधरी के अनुसार, जब पुलसि ने आरोपी से इन पैकेट के बारे में गहन पूछताछ कि तो उसने खुलासा कयिा कि वह यह गांजा हरयिाणा के फरीदाबाद से लाया था। इसकी डलिीवरी शाहदरा जलिा के क्षेत्र में की जानी थी। दक्षिदण भारत के तमलिनाडु का रहने वाला आरोपी कृष्णन अरुण कुमार वर्तमान में इंद्रपुरी में रह रहा है। आरोपी के खलिाफ शाहदरा जलिा अंतर्गत आनंद वहिार थाने में एनडीपीएस अधनियिम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। उधर, जलिा पुलसि उपायुक्ते का कहना है कि आरोपी की पहले भी एक मामले में संलप्तिता रही है। वहीं, उसकी गरिफ्तारी के बाद जलिे में 12 फरवरी, 2024 को एनडीपीएस धारा में दर्ज एक अन्य मामले को भी सुलझाने का दावा कयिा गया है।

## अंबेडकर जयंती पर संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ अभियान, आप ने मोदी सरकार को घेरा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली समेत देश के 24 राज्यों की राजधानी में डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती पर संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली में भी पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने मंच से भाजपा पर संविधान को खत्म करने के प्रयास का आरोप लगाया। इस दौरान सभी नेताओं ने संविधान बचाने की शपथ ली। तथाकथित शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूरे देश में आंबेडकर जयंती पर संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ कार्यक्रम के रूप में मनाने को कहा था। दिल्ली में पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्वी दिल्ली से लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा के लोग बाबा साहब का बनाया गया संविधान खत्म करना चाहते हैं। बाबा साहब ने गरीबों को जीने का अधिकार दिया। आज लड़ाई दो तरह के लोगों के बीच में है। एक जो संविधान को खत्म करना चाहते है, दूसरे जो संविधान को बचाना चाहते हैं। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के हर कार्यकर्ता का संकल्प होना चाहिए कि बाबा साहब के बनाए गए संविधान को बचाने के लिए आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। अयोध्या के एक सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी का काम 272 सांसदों में नहीं चल रहा है। संविधान बदलना है तो दो तिहाई सीट चाहिए। लेकिन शायद उन्हें पता नहीं, की आम आदमी पार्टी के लोग संविधान को बचाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे। भारत के संविधान में बाबा साहब ने कहा कि शिक्षा में समानता नहीं है। सभी को समान शिक्षा मिलनी चाहिए। भारत में अगर किसी ने बाबा साहब के सपने को साकार काम किया, तो वह अरविंद केजरीवाल हैं। संविधान के साथ आरक्षण भी खत्म करेगी भाजपाः भाजपा संविधान खत्म कर आरक्षण खत्म कर देगी। एक आदिवासी नेता हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने लेकिन उन्हें मोदी सरकार ने जेल में डाल दिया। एक बहुत बड़े समाज के तबके को अपाहिज कर दिया। जनता को इसका जवाब देना है। जो मुख्यमंत्री संविधान में लिखें बाबा साहब के सपने को जमीन पर साकार कर रहा था। उस मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया गया।

उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सुविधा दिया। उन्होंने अच्छी शिक्षा, समान इलाज, महिलाओं का बस में फ्री सफर जैसे अन्य कार्य किया। इससे भाजपा घबरा गई। गुजरात में आम आदमी पार्टी के पांच विधायक और गोवा में दो विधायक आ गए। एमसीडी में भाजपा का सफाया हो गया। इसलिए केजरीवाल को जेल में डाला गया है।

जेल से चलेगी सरकार, पीछे नहीं हटेंगेः एक कार्यक्रम में उपराज्यपाल कह रहे थे कि जेल से सरकार नहीं चलेगी। सरकार तो जेल से चलेगी उनको पीछे हटना पड़ेगा। हम लोग पीछे हटने वाले नहीं है। भारत की पहली सरकार है अरविंद केजरीवाल की सरकार जो घोषणा पत्र से ज्यादा काम करके दिखाती है। महिलाओं को 1000 रुपये हर महीने देने का वादा किया। हमारे घोषणा पत्र में नहीं था।

भाजपा के लोग चाहते है कि दिल्ली के लोगों की सुविधा खत्म की जाए। अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर निकलना है तो सातों सीट पर भाजपा की जमानत जब्त करानी होगी। संजय सिंह ने लोगों से कहा कि घर पर जाकर सोचिएगा की रामनाथ कोविंद को माता शबरी के झूठे बेर खाने वाले प्रभु श्री राम के मंदिर के शिलानाथ कार्यक्रम में क्यों नहीं बुलाया गया। उन्होंने भाजपा

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024





## वॉर-2 का 10 दिन का शेड्यूल शूट करेंगे अयान मुखर्जी

डायरेक्टर अयान मुखर्जी इन दिनों फिल्म वॉर-2 पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर पहली बार साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग के लिए एनटीआर हाल ही में मुंबई पहुंचे हैं। सुनने में आया है कि मेकर्स जल्द ही दोनों एक्टर्स के साथ एक एक्शन सीन और एक डांस नंबर भी शूट करने वाले हैं।

### 11 स्टंट को-ऑर्डिनेटर्स को साथ लेकर आए हैं मेकर्स

फिल्म से जुड़े एक सूत्र की मानें तो मेकर्स जल्द ही दोनों एक्टर्स के साथ 10 दिन का शेड्यूल शूट करने वाले हैं। इस शेड्यूल में ऋतिक और एनटीआर के बीच एक एयरक्राफ्ट में फाइट सीन शूट किया जाएगा। इस फाइट सीक्वेंस के अलावा फिल्म में एक ट्रेन, याट और स्पीडबोट पर भी चेज सीक्वेंस शूट किए जाएंगे। फिल्म के लिए प्रोड्यूसर आदित्य और अयान मिलकर दुनियाभर के 11 स्टंट को-ऑर्डिनेटर्स को साथ लेकर आए हैं। 10 दिनों के इस शेड्यूल में फिल्म की शूटिंग विले पार्ले के एक स्टूडियो में होगी। यहां यश राज फिल्म्स ने स्टूडियो के दो बड़े फ्लोर बुक किए है। प्रोडक्शन डिजाइनर रजत पोद्दार यहां इन दिनों अपनी टीम के साथ एयरक्राफ्ट का सेट बनाने में जुटे हुए हैं। डांस नंबर भी शूट कर सकते हैं मेकर्स वहीं इस शेड्यूल के बाद मेकर्स अंधेरी स्थित यश राज स्टूडियो में फिल्म के कुछ और सीन शूट करेंगे। इस शेड्यूल में मेकर्स दोनों एक्टर्स के साथ एक डांस नंबर भी शूट कर सकते हैं। मेकर्स फिल्म के सभी टॉकी पोर्शन को अगले तीन महीने में पूरा कर लेना चाहते हैं।

### मई से शूटिंग जॉइन करेंगी कियारा

फिल्म में कियारा आडवाणी लीड एक्ट्रेस के रोल में नजर आएंगी। वो मई में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। हालांकि, अभी तक यह कन्फर्म नहीं है कि फिल्म में कियारा को एनटीआर के अपोजिट कास्ट किया गया है या ऋतिक के अपोजिट।

'वॉर-2' 2019 में रिलीज हुई ऋतिक और टाइगर स्टारर 'वॉर' का सेकेंड पार्ट है। इस फिल्म की स्टोरी वहीं से आगे बढ़ेगी जहां इसके फर्स्ट पार्ट की खत्म हुई थी। ऋतिक इस फिल्म में फिर से मेजर कबीर के रोल में नजर आएंगे। वहीं एनटीआर इसमें विलेन का रोल प्ले करेंगे। फिल्म अगले साल 15 अगस्त के मौके पर रिलीज हो सकती है।



# मैदान के शूट पर नर्वस थीं प्रियामणि

साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस प्रियामणि अब बॉलीवुड में भी जाना-माना नाम बन चुकी हैं। उन्होंने अब तक कई हिंदी फिल्में की हैं, जिनमें शाहरुख खान की जवान भी शामिल है। अब प्रियामणि अजय देवगन के साथ फिल्म मैदान में नजर आएंगी। वह अब बॉलीवुड में लगातार अपने कदम मजबूत कर रही हैं। फैमिली मैन, जवान, आर्टिकल 370 की कामयाबी के बाद अब वह मैदान के साथ तैयार हैं।

**आपने साल 2010 में तब रावण और रक्त चरित्र जैसी हिंदी फिल्में की थीं, जब साउथ के ज्यादा ऐक्टर यहां नहीं दिखते थे। तब से अब जब आप जवान, मैदान जैसी हिंदी फिल्में कर रही हैं, यहां साउथ इंडस्ट्री के प्रति सोच में क्या बदलाव पाती हैं?**

पहले यहां साउथ के एक्टर्स के लिए उतना स्कोप नहीं था। यहां की फिल्मों में साउथ के बहुत ही कम एक्टर थे। कमल हासन सर, मणिरत्नम सर, रजनी सर, इन लोगों को छोड़ दें तो बाकी के लिए बहुत सीमित मौके थे। अब बहुत सारे तकनीशियंस को अपना हक मिल रहा है, क्रेडिट मिल रहा है, इससे मेरा मतलब बहुत ज्यादा काम से है। अब यहां भी साउथ के एक्टर्स, तकनीशियंस को बहुत काम मिल रहा है, सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, ओटीटी पर भी तो यह अच्छा बदलाव है। अब सबके लिए दरवाजे खुल गए हैं। यहां के लोग वहां जा रहे हैं, वहां के लोग यहां आ रहे हैं जो कि अच्छी बात है। ऐसा ही होना चाहिए।

**मैदान सैय्यद अब्दुल रहीम की बायोपिक है, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं। आपके किरदार की इसमें कितनी अहमियत है? आप इससे कैसे जुड़ीं?**

इसके लिए बोनी (कपूर) सर ने मेरे पति को फोन किया था। वो मेरे पति के साथ पहले काम कर चुके हैं तो उनसे पूछा कि एक फिल्म है, तुम्हारी बीवी करेगी? तो उन्होंने कहा कि सर, आप पूछो और हम ना कहें, ऐसा थोड़ी हो सकता है। फिर हम उनसे मिले, उन्होंने बताया कि बधाई हो के डायरेक्टर अमित शर्मा डायरेक्ट कर रहे हैं। अजय देवगन कोस्टार है तो 30 प्रतिशत मन मैंने तभी बना लिया था, क्योंकि इन दोनों का काम मैं बतौर कलाकार बहुत पसंद करती हूं। मैंने बधाई हो देखी है, वहीं अजय सर की फिल्म चॉइसेज की बहुत रिस्पेक्ट करती हूं। वह तभी फिल्म करेंगे जब उन्हें कहानी में यकीन होगा। फिर, जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी तो पूरी तरह तैयार हो गई, क्योंकि फिल्म में मेरा किरदार सायरा सिर्फ नाम के लिए नहीं है। बेशक कहानी रहीम साहब की कहानी है पर सायरा उनकी बैकबोन है। जहां भी वह हताश होते हैं, वह उनका मनोबल बनती है। फिल्म में उन दोनों के बहुत ही क्यूट मोमेंट्स हैं।

**आपके हिसाब से एक सशक्त महिला की परिभाषा क्या है?**

अगर वो उन चीजों के लिए खड़ी होती है, जिस पर वो यकीन करती है तो मेरे हिसाब से वह एक सशक्त औरत है। उसके जो सिद्धांत हैं, मूल्य हैं, अगर वो उस पर डटी रहती है तो वह सशक्त महिला है और वह मेरे हिसाब से कुछ भी हासिल कर सकती है। परिस्थितियां चाहें जो हो, उन्हें पार कर सकती है। बहुत सारे लोग बोलते हैं कि मैंने सब अपने दम पर किया है। मैं ये नहीं कहती कि वे गलत है लेकिन मेरा मानना है कि उसके पीछे उसके परिवार का सपोर्ट भी रहता है। अगर वह सफल है, स्ट्रॉन्ग है तो इसलिए क्योंकि कहीं न कहीं उसकी फैमिली उसके साथ खड़ी थी। यह बात नहीं भूलनी चाहिए।

**अजय देवगन के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

शूटिंग से पहले मैं थोड़ी नर्वस थी क्योंकि यह फिल्म ऐसी है। यह 50-60 के दौर में सेट है तो सेट का माहौल कैसा होगा? कितना सीरियस होगा। सिंक साउंड था तो पिन ड्रॉप साइलेंस रहता था लेकिन अजय सर ने मुझे बहुत ही कंफर्टेबल फील करवाया। जब शॉट रेडी हो रहा होता था तो हम साथ बैठते थे और उसके बीच में वह साउथ सिनेमा के बारे में बहुत कुछ पूछते थे कि वहां का वर्क कल्चर कैसा है, ये डायरेक्टर कैसे हैं, वो डायरेक्ट कैसे हैं तो हम लोग ज्यादातर साउथ इंडस्ट्री के बारे में बात करते थे।



## वरुण धवन की एक्शन थ्रिलर बेबी जॉन की रिलीज डेट टली

वरुण धवन ने साल 2024 की शुरुआत में अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म बेबी जॉन के बारे में रोमांचक खबर साझा की थी। प्रतिभाशाली निर्देशक एटली के नेतृत्व में बहुप्रतीक्षित फिल्म पहले 31 मई को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, ऐसी अफवाहें फैल रही हैं कि रिलीज की तारीख को आगे बढ़ाया जा सकता है। फिल्म की नई रिलीज पर सामने आए नए अपडेट से अभिनेता के फैंस को झटका लग सकता है। वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन को लेकर जानकारी है कि इसकी रिलीज को मूल शेड्यूल से एक या दो महीने आगे बढ़ाया जा सकता है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बेबी जॉन के जून या जुलाई महीने में रिलीज होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बेबी जॉन की रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। हालांकि, कयास लगाया जा रहा है कि फिल्म संभवतः जून या जुलाई महीने में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि, इन खबरों की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि इस रोमांचक एक्शन फिल्म में देरी मुख्य रूप से अधूरे प्रोडक्शन और पोस्ट-प्रोडक्शन काम के कारण है। अगस्त 2023 से 75 दिनों (लगभग ढाई महीने) से अधिक समय तक प्रोडक्शन में रहने के बावजूद, अभी भी लगभग 10-12 दिन की शूटिंग बाकी है। उम्मीद है कि फिल्म अप्रैल के अंत तक पूरी हो जाएगी। उसके बाद, एक लंबी पोस्ट-प्रोडक्शन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जिससे शुरुआती रिलीज डेट पर टिके रहना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

## पिता के साथ ये काम करने की बाबिल की अधूरी रह गई इच्छा



दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में रहते हैं। बाबिल खान अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। अब हाल ही में, बाबिल खान ने पिता को याद करते हुए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया है। बाबिल ने फैंस के साथ अपनी और इरफान की कुछ तस्वीरें भी साझा की थीं। इन तस्वीरों को साझा करते हुए बाबिल ने लिखा, मैं छाते के नीचे खड़े आपको याद कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अब बारिश में डांस करने का समय है। बाबिल अपने पिता के साथ बारिश में डांस करना चाहते थे, जो उनकी इच्छा अधूरी रह गई थी। फैंस बाबिल की इन तस्वीरों पर अपना खूब प्यार बरसा रहे हैं।

## पिन की तरह संभाला आत्मविश्वास



प्रियंका चोपड़ा बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं, जो एक अभिनेत्री, गायिका, निर्माता और बिजनेसवुमन के रूप में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उनकी प्रसिद्धि में वृद्धि का पता मिस वर्ल्ड 2000 प्रतियोगिता में उनकी जीत से लगाया जा सकता है। हाल ही में, उन्होंने वर्तमान मिरर सेल्फी के साथ अपने सौंदर्य प्रतियोगिता के दिनों की एक पुरानी तस्वीर पोस्ट करके फैंस का दिल जीत लिया। थ्रोबैक फोटो में, प्रियंका अपनी फेमिना मिस वर्ल्ड 2000 सैश और एक सफेद साड़ी पहने हुए दिखाई दे रही हैं, जबकि वर्तमान तस्वीर में वह सफेद क्रॉप-टॉप और मैचिंग पैंट के साथ ग्रे जींस जैकेट में मिरर सेल्फी में पोज देती नजर आ रही हैं। अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, प्रियंका ने मजाकिया ढंग से कैप्शन लिखा, यह कैसे शुरू हुआ.. यह कैसा चल रहा है। प्रियंका ने कैप्शन में आगे जोड़ा, यह साल 2000 की फोटो है, तब भारी साड़ी और दो बॉबी पिन के सहारे मैंने अपने मिस वर्ल्ड के ताज को सजाया था। मेरा आत्मविश्वास भी डगमगा रहा था। मगर अपनी साड़ी में लगी सेफ्टी पिन की तरह मैंने आत्मविश्वास को भी संभाल लिया। प्रियंका चोपड़ा की यह पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गई है और फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।

## दिव्या खोसला कुमार की फिल्म में परेश रावल की हुई एंट्री



मशहूर एक्टर परेश रावल एक बार फिर से बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म का नाम हीरो हीरोइन है। इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में उनके साथ दिव्या खोसला कुमार भी नजर आने वाली हैं। हैदराबाद में इस फिल्म की शूटिंग 10 जून से शुरू होने जा रही है। फिल्म में परेश रावल एक निर्देशक के किरदार में होंगे। इससे पहले भी परेश कई कॉमेडी ड्रामा फिल्मों में लोगों को अपनी अदाकारी से हंसा चुके हैं।



## सफलता को इसलिए हल्के में नहीं लेती रश्मिका मंदाना

**रश्मिका मंदाना सिने जगत की टॉप अभिनेत्रियों में से एक हैं। बीते साल एनिमल के बाद अब रश्मिका पुष्पा 2 से धमाल मचाने वाली हैं। हाल ही में रश्मिका ने एक साक्षात्कार में रश्मिका ने अपनी सफलता को लेकर बात की।**

रश्मिका ने यह मेरे लिए मायने रखता है और मैं इसे हल्के में नहीं लेती। रश्मिका ने आगे कहा, मुझे पता है कि यहां बहुत सारी अभिनेत्रियां हैं, कई मेरे से ज्यादा सुंदर और प्रतिभाशाली हैं लेकिन मुझे जो मौका मिला है, मैं उसके लिए आभारी हूं। मैंने यही सीखा है कि सफलता को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

## तेजा सज्जा ने गुपचुप तरीके से शुरू की पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग!

साउथ अभिनेता तेजा सज्जा ने अपनी फिल्म हनुमान से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह फिल्म इस साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड्स भी तोड़ दिए। तेजा सज्जा के प्रशंसक अब प्रशांत वर्मा द्वारा निर्देशित जय हनुमान नाम की उनकी आगामी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तेजा सज्जा भी हनुमान की जबर्दस्त सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस बीच उनकी अगली फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। खबर है कि तेजा सज्जा की नई फिल्म की घोषणा जल्द हो सकती है।

### फिल्म की शूटिंग शुरू

हनुमान की सफलता के बाद तेजा सज्जा स्टारडम की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने कई फिल्में भी साइन की हैं, जिनमें से एक पीपल मीडिया फैक्ट्री के साथ है और यह फिल्म भारी बजट पर बनेगी। कहा जा रहा है कि वे ईगल फेम सिनेमैटोग्राफर और निर्देशक कार्तिक घट्टामनेनी द्वारा निर्देशित एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। शीर्ष प्रोडक्शन हाउस, पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा संचालित इस फिल्म की शूटिंग चुपचाप शुरू हो गई है और इसे पूरा किया जा रहा है। पीपल मीडिया फैक्ट्री ने घोषणा की थी कि उनके पीएमएफ 36 प्रोजेक्ट के बारे में विवरण जल्द जारी किया जाएगा। पीएमएफ 36 का शीर्षक संभवत मिराई होने की भी चर्चा है। अब खबर है कि फिल्म कल लॉन्च होगी। फिल्म की आधिकारिक घोषणा के लिए निर्माताओं ने खास योजना बनाई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में रॉकिंग स्टार मांचू मनोज अपने करियर में पहली बार खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। पैन इंडिया सेंसेशन दुलकर सलमान इस फिल्म में एक विस्तारित कैमियो कर रहे हैं। निर्माताओं ने फिल्म में हाय नन्ना की अभिनेत्री रितिका नायक मुख्य महिला भूमिका के रूप में चुना है।



### बॉर्नविटा को हेल्दी ड्रिंक कैटेगरी से हटाइए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने ई-कॉमर्स कंपनियों से बॉर्नविटा को हेल्दी ड्रिंक कैटेगरी से हटाने के लिए कहा है। इस संबंध में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक सभी ई-कॉमर्स वेबसाइट्स को अपने प्लेटफॉर्म पर बॉर्नविटा समेत सभी पेय पदार्थों को हेल्दी ड्रिंक कैटेगरी से बाहर रखने के लिए कहा है।




### सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए कोयला उत्पादन का लक्ष्य 17 करोड़ टन तय किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान देश में निजी उपयोग और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक से 17 करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। बीते वित्त वर्ष में निजी उपयोग और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक से 14.71 करोड़ टन सूखा कोयले का उत्पादन किया था


## संक्षिप्त समाचार

### कंस्ट्रक्शन कंपनी ने राइट्स इश्यू का किया बड़ा ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) ने शनिवार को कहा कि उसके पैनल ने राइट्स इश्यू के जरिए 350 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंस्ट्रक्शन से जुड़ी कंपनी ने बीएसई को बताया कि राइट्स इश्यू समिति ने 21 रुपये की कीमत पर 166,666,666 इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दी है। इसमें कहा गया है कि इस आवंटन के बाद कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी 151,30,28,244 इक्विटी शेयरों से बढ़कर 167,96,94,910 हो जाएगी। हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी के शेयर की बात करें तो कीमत 40 रुपये से कम है। बीते शुक्रवार को शेयर की कीमत 37.72 रुपये थी। यह शेयर 1.98 प्रतिशत लुढ़क कर बंद हुआ था। 2 फरवरी 2024 को इस शेयर की कीमत 46 रुपये तक पहुंच गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। 18 अप्रैल 2023 को शेयर की कीमत 13.54 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का निचला स्तर है। हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 182.30 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हासिल किया। वहीं, एक साल पहले की इसी तिमाही में 257.85 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में बिक्री सालाना 8.6 प्रतिशत बढ़कर 1,474.47 करोड़ रुपये हो गई। बता दें कि हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी इंजीनियरिंग और निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय है। यह कंपनी परिवहन, बिजली और जल अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सर्विस प्रोवाइड करती है। शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो मार्च 2024 तक प्रमोटर की हिस्सेदारी 18.59 फीसदी थी। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 81.41 फीसदी की है।

### टाटा टेलीसर्विसेज के शेयर में मचा हाहाकार, टूटकर 78 पर आ गया भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में भारी मुनाफावसूली देखी गई। इस दौरान टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज महाराष्ट्र लिमिटेड के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन टीटीएमएल के शेयर 3.19 प्रतिशत टूटकर 78.38 रुपये पर बंद हुए। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 77.75 रुपये तक गिर गई। 15 सितंबर 2023 को यह शेयर 109.10 रुपये पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। बता दें कि अप्रैल 2023 में शेयर की कीमत 59.80 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का निचला स्तर है। लगातार रेंग रहा शेयर- कई महीनों से टीटीएमएल के शेयर रेंग रहे हैं।

# डायमंड हाउस में रहते हैं मेघा इंजीनियरिंग के मालिक पीपी रेड्डी, खड़ा किया हजारों करोड़ का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनावी बॉन्ड योजना में सबसे ज्यादा डोनेशन देने वालों की लस्टि में दूसरे स्थान पर रही मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के अफसरों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंगऐंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कंपनी पर आरोप है कि उसने बिलों के भुगतान के लिए कथित तौर पर रिश्वत दी है। मेघा इंजीनियरिंग वही कंपनी है जिसने भारतीय जनता पार्टी को 586 करोड़ का चंदा दिया था। बीजेपी के अलावा इसने बीआरएस, डीएमके समेत कई पार्टियों को करोड़ो का दान दिया है। चुनाव आयोग के 21 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, मेघा इंजीनियरिंग ने भाजपा को सबसे अधिक लगभग 586 करोड़ रुपये का चंदा दिया था। इस कंपनी के मालिक पीपी रेड्डी हैं। पीपी रेड्डी देश के अरबपति कारोबारियों की लिस्ट में शामिल हैं वह एक किसान परिवार से आते हैं।





### करोड़ों की संपत्ति

पीपी रेड्डी ने महज 5 लाख रुपये की पूंजी के साथ हैदराबाद के बालानगर में एक शेड से मेघा इंजीनियरिंग एंटरप्राइजेज के नाम से कंपनी शुरू की थी। उन्होंने नगर पालिकाओं के लिए पाइप बनाए। उनके भतीजे दो साल बाद कंपनी में शामिल हो गए थे। इसके बाद दोनों लोग धीरे-धीरे सड़कों के निर्माण और छोटे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में काम में लग गए। साल 2006 में कंपनी का नाम बदलकर, मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कर दिया गया था। फोर्ब्स के मुताबिक, पीपी रेड्डी की नेटवर्थ करीब 19,230 करोड़ रुपये है।

### डायमंड हाउस

पीपी रेड्डी हैदराबाद के रिहायसी इलाके में 'डायमंड शेप' वाले घर में रहते हैं। उनका घर डायमंड की तरह दिखता है। अब उनका घर शहर की ऐतिहासिक जगहों में शुमार है। पीपी रेड्डी के फार्महाउस में एक गोल्फ कोर्स भी है। मेघा कंपनी की सबसे पॉपुलर परियोजनाओं ज़ोजिला सुरंग का निर्माण है, यह कश्मीर के गांदरबल और कारगिल के द्रास के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करती है। इसके प्रोजेक्ट की लागत करीब 25,000 करोड़ रुपये है।

## म्यांमार से दालों का आयात करने के लिए भुगतान तंत्र को सरल बनाया गया : सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने शनिवार को कहा कि म्यांमा से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को आसान और सरल बनाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आयातकों को पंजाब नेशनल बैंक के जरिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के जरिए रुपया/क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया है। भारत घरेलू कमी को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश म्यांमा से तुअर और उड़द दाल का आयात करता है। बयान के मुताबिक उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने म्यांमा से दालों का आयात करने के संबंध में यंगून स्थित भारतीय दूतावास के साथ चर्चा की। इस दौरान संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों के स्टॉक जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास ने सचिव को बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमा ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।


## गोल्डमैन सॉक्स का चौंकाने वाला खुलासा: दुनिया पर राज करेंगे भारत, चीन व पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ महीने से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल 2047 तक भारत के विकसित होने की बात कर रहे हैं। इस टारगैट पर देश 2047 तक पहुंच भी जाएगा। इस बात में कोई शक भी नहीं है। अगले दो साल में देश की इकोनॉमी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी। इस अचीवमैंट को भी भारत आसानी से हासिल कर लेगा लेकिन क्या कभी पाकिस्तान दुनिया की टॉप 10 इकोनॉमी में शामिल हो सकेगा क्या चीन कभी दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी बन पाएगा क्या एशिया के ये तीनों देश दुनिया की इकोनॉमी पर राज कर सकेंगे ये तीनों ही सवाल काफी बड़े हैं।

ऐसा नहीं है कि ये संभव नहीं हो सकेगा। दुनिया की बड़ी इंवैस्टमैंट फर्म गोल्डमैन सॉक्स का अनुमान है कि चीन दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा और दूसरे नंबर पर भारत का नाम होगा। साथ ही पाकिस्तान टॉप 10 इकोनॉमी में दिखाई देगा। दूसरी ओर कभी आधी से ज्यादा दुनिया पर राज करने वाला यू.के. और एशिया की दूसरी सबसे बड़ी महाशक्ति जापान का नाम टॉप 10 से बाहर होता दिखाई देगा। वहीं यूरोप का बस एक ही देश जर्मनी टॉप 10 की लिस्ट में दिखाई देगा।

**50 साल के बाद होगा कुछ ऐसा सीन**

गोल्डमैन सॉक्स ने जो अनुमान लगाया है, वह अगले 50 साल बाद यानी साल 2075 का लगाया है। उस समय दुनिया की इकोनॉमी का सीन पूरी तरह से बदला हुआ दिखाई देगा। अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमिक ताकत नहीं रहेगा। दूसरी ओर यूरोप का दबदबा दुनिया की इकोनॉमिक कंडीशन से पूरी तरह से खत्म हो चुका होगा।




यू.के. और जापान जैसे देश टॉप 10 इकोनॉमी लिस्ट से बाहर हो चुके होंगे। सबसे खास बात तो यह है कि टॉप की 10 लिस्ट में एशिया का दबदबा होगा, जिसमें चीन के साथ भारत, पाकिस्तान और इंडोनेशिया होगा। मौजूदा दौर में यू.के., फ्रांस, जर्मनी और रूस जैसे देश दुनिया की टॉप 10 इकोनॉमी में शामिल हैं लेकिन ये तमाम देश जिस मंदी के संकट से गुजर रहे हैं। यह किसी से छिपा नहीं है। जर्मनी में तो घोषित मंदी का ऐलान हुआ है।

दूसरी ओर जापान ने सालों के बाद देश की इकोनॉमी को उठाने के लिए पॉलिसी रेट में इजाफा किया है। ऐसे अगले 25 और 50 सालों में इन देशों की इकोनॉमी में इजाफा तो होगा लेकिन ग्रोथ इतनी ज्यादा नहीं होगी, जो अपनी मौजूदा पॉजिशन को होल्ड करके रख सके।

### चीन और भारत का होगा दबदबा

गोल्डमैन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की इकोनॉमी अगले साल में काफी तेजी से बढ़ने वाली है। उसकी पोजिशन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी। इसका मतलब यह नहीं है कि वह चीन को पछाड़ने वाला है। भारत साल 2075 में अमरीका को पीछे छोड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा। साल 2050 तक चीन दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा। भले ही मौजूदा दौर में उसकी ग्रोथ भले ही 5 फीसदी से नीचे ही क्यों न हो। उसके अगले 25 साल तक भारत और चीन दोनों ही ग्रोथ और जी.डी.पी. के मामले में दुनिया के तमाम देशों को पीछे छोड़ते हुए दिखाई देंगे।

जानकारों का मानना है कि ये पूरी शताब्दी एशिया के नाम रहने वाली है। आने वाले 50 साल भारत के नाम रहने वाले हैं, क्योंकि तब तक देश की जी.डी.पी. 52.5 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जोकि अमरीका की जी.डी.पी. 51.5 ट्रिनियन डॉलर से ज्यादा होगी और चीन की जी.डी.पी. 57 ट्रिलियन डॉलर से कम का अनुमान है।

### पाकिस्तान का चौंकाने वाला नाम

गोल्डमैन की रिपोर्ट के अनुसार इस लिस्ट में पाकिस्तान का भी नाम है। साल 2075 तक पाकिस्तान दुनिया की 6वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी होने जा रहा है, जबकि एक दिन पहले एशियन डिवैलपमैंट बैंक ने पाकिस्तान की ग्रोथ रेट वित्त वर्ष 2023-24 (30 जून 2024 को समाप्त) को 1.9 फीसदी का अनुमान लगाया है। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 पाकिस्तान की ग्रोथ 2.9 फीसदी रह सकती है। मौजूदा दौर में पाकिस्तान की इकोनॉमी काफी खराब स्थिति में है। देश कर्ज में है और महंगाई 25 फीसदी है। पाकिस्तान लगातार चीन, मिडिल ईस्ट और अमरीका के साथ हाथ फैलाए दिखाई देता है। आई.एम.एफ. से लगातार स्पैशल पैकेज की डिमांड लगातार कर रहा है। फॉरैक्स रिजर्व न के बराबर है और बिजली तथा फ्यूल संकट काफी बढ़ चुका है। उसके बाद भी साल 2075 तक देश की जी.डी.पी. 12.3 ट्रिलियन डॉलर का अनुमान लगाया गया है

# ओके प्ले इंडिया लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही में शानदार परिणाम पेश किए

### एबिटा में तिमाही दर तिमाही पर 126 प्रतिशत बढ़ोतरी

**मुंबई, एजेंसी।** ओके प्ले इंडिया लिमिटेड, प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर, आउटडोर प्ले इक्विपमेंट, पॉइंट-ऑफ-परचेज प्रोडक्ट्स, ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के उत्पादन में लगी एक लीडिंग कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए मज़बूत आय की घोषणा की है। 31 मार्च 2024




(स्टैंडअलोन) को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने अपना रेवेन्यू 4838.46 लाख रुपये रिपोर्ट किया, जिसमें तिमाही दर तिमाही 45 की वृद्धि दर्ज हुई। एबिटा में तिमाही दर तिमाही में 126 उछला और 252.05 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही), से 571.83 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) हुआ। शुद्ध लाभ में जोरदार वृद्धि दर्ज की गई और यह 426.33 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) पहुंचा। हाल ही में, कंपनी ने 1:10 के अनुपात में कंपनी के इक्विटी शेयर्स का विभाजन किया, यानी प्रत्येक 1 इक्विटी शेयर की नॉमिनल/ फेस वैल्यू प्रत्येक 10 रुपये तथा 10 इक्विटी शेयर की नॉमिनल/फेस वैल्यू प्रत्येक 1 रुपये में विभाजित की गई।

इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि, उसने अपनी हाल ही में अधिग्रहीत पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एमआरएच टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से, मान +हम्मेल ग्रुप, जर्मनी की सब्सिडरी मान +हम्मेल फ़िल्टर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एग्रीमेंट किया है, जिसमें अपने सोलो और एक्सक्लूसिव डिस्ट्रिब्यूटर के रूप में अपने नए रेवोल्यूशनरी प्रोडक्ट प्योर एयर मोबाइल फाइन को प्रमोट करना, डिस्ट्रीब्यूट करना, सप्लाई करना, इंस्टॉल करना और सर्विस देना शामिल है।

डस्ट पार्टिकल फिल्टर रूफ बॉक्स-वायु प्रदूषण के जानलेवा, खतरनाक खतरे से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मान +हम्मेल एक 4.8 बिलियन यूरो की जर्मन बहुराष्ट्रीय कंपनी है जिसका संचालन 80 से अधिक देशों में है और यह पिछले 18 वर्षों से भारत में मौजूद है।

# एलजी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने मुंबई में आयोजित समारोह में महुअप रेफ्रिजरेटर के साथ जॉब्जेंट कलेक्शन की धमाकेदार लांचिंग की

**भोपाल।** एलजी इलैक्ट्रॉनिक्स ने मूडअप रैफ्रिजरेटर के साथ एलजी ऑब्जैट कलैक्शन की लांच टेक्नोलॉजी और खूबसूरती को एक नए मुकाम तक ले जाने की एक शानदार पहल लैक्मे फैशन वीक में मशहूर फैशन डिजाइनर जोड़ी गौरी व नैनिका ने किया लांच 20 मार्च देश के प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रांड एलजी इलैक्ट्रॉनिक्स ने मूडअप रैफ्रिजरेटर के साथ एलजी ऑब्जैट कलैक्शन की धमाकेदार लांचिंग की है। कंपनी ने देश की मशहूर फैशन डिजाइनर जोड़ी गौरी और नैनिका के सहयोग में एलजी मूडअप रैफ्रिजरेटर का अनावरण किया। कंपनी ने लैक्मे फैशन वीक के दौरान इस रैफ्रिजरेटर के साथअपनी नई कलैक्शन को लांच किया। यह कलैक्शन एलजी मूडअप के 1.7 लाख कलर कॉम्बिनेशंस से प्रेरित है। इस बात की जानकारी कंपनी के प्रबंधकों ने पत्रकारों से बातचीत में दी। प्रबंधकों ने बताया कि एलजी मूडअप न केवल आपके मूड या व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है, बल्कि आपकी लाइफस्टाइल में लग्जरी भी लेकर आता है और रोजमर्रा की जिंदगी में चार-चांद लगाता है। एलजी मूडअप में आधुनिक टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है और यह एक बेहद खूबसूरत उत्पाद है, जोकि आपको व्यक्तिगत लग्जरी का अहसास कराता है। भारत के लोगों के बीच अपनी जिंदगी में सहूलियत लाने के लिए विशिष्ट रूप से तैयार किए गए समाधानों की तलाश बढ़ रही है, ऐसे में एलजी मूडअप रैफ्रिजरेटर कस्टमाइजेशन को अगले स्तर पर लेकर आया है। एलजी इलैक्ट्रॉनिक्स ने नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में मूडअप रैफ्रिजरेटर के साथ एलजी ऑब्जैट कलैक्शन की धमाकेदार लांचिंग की। इस मौके पर कंपनी के प्रबंधक और मशहूर फैशन डिजाइनर जोड़ी गौरी व नैनिका भी खास तौर पर मौजूद रहीं। इलैक्ट्रॉनिक कैटागरी के इतिहास में कंपनी ने पेश किया है एक जबरदस्त उत्पाद एलजी इलैक्ट्रॉनिक्स इंडिया के डायरैक्टर होम एप्लायंसेज एवं एयर कंडीशनर ह्वांग यंगमिन ने कहा कि इलैक्ट्रॉनिक कैटागरी के इतिहास में कंपनी ने एक जबरदस्त उत्पाद पेश किया है, जिसने तकनीक और खूबसूरती को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इस नए रैफ्रिजरेटर के दरवाजे में एलईडी पैनल लगा है जिसकी मदद से आप अपने मूड के अनुसार रंगों को बदल सकते हैं और घर में अपनी पसंद का माहौल बनाने है। के लिए अपना पसंदीदा म्यूजिक भी सुन सकते हैं। लैक्मे फैशन वीक में गौरी और नैनिका के सहयोग से कंपनी अपना नया उत्पाद, मूडअप फ्रेंच डोर रैफ्रिजरेटर पेश करके बेहद उत्साहित है। इस शानदार उत्पाद में वाइब्रेंट, बोल्ड, जिंदगी से भरपूर और आशावाद का कंपनी का साझा नजरिया साफ झलकता है। यह वास्तव में लाइफ इज गुड के सार को दर्शाता यह रैफ्रिजरेटर आधुनिक टैक्नोलॉजी और स्टाइल का सुमेल है जोकि भारतीय उपभोक्ताओं की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए एलजी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




# वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस ने प्रमुख ऐसेट मैनेजमेंट क्लाइंट एड करके फिनटेक सपोर्ट को बढ़ाया

**मुंबई, एजेंसी।** टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड बिज़नेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेज़ में लीडिंग प्रोवाइडर, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने ऐसेट मैनेजमेंट सेक्टर में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक के साथ एक नई ग्राहक-जीत हासिल की है। इसके साथ-साथ, वन पॉइंट वन ने देश में लीडिंग फिनटेक प्लेयर के लिए सीट कपैसिटी में भी वृद्धि की है।

रेज़रपे (पेमेंट सॉल्यूशंस प्रोवाइडर) के साथ समझौते की शर्तों के तहत, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस को 7 सीटों से प्रभावशाली 160 से अधिक सीटों तक अपनी ऑपरेशनल कपैसिटी के विस्तार के साथ एंड-टू-एंड मर्चेंट ओरिजिनेशन और सर्विसिंग को मैनेज करने का काम सौंपा गया है। इनिशियल कॉन्ट्रैक्ट से यह रिमार्केबल मल्टी-फ़ोल्ड इंक्रीज वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस की सेवाओं की क्षमताओं और विश्वसनीयता में ग्राहक के विश्वास को दर्शाती है। इस स्ट्रेटिजिक अलायंस की शर्तों के अनुसार, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस को अपने बेंगलुरु डिलीवरी सेंटर के माध्यम से एंड-टू-एंड मर्चेंट ओरिजिनेशन और सर्विसिंग का मैनेजमेंट सौंपा गया है, जो कंपनी के विकास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इस ऑपरेशन को शुरू करते हुए, वन पॉइंट वन फिनटेक सेक्टर में एक फुल-सर्विस प्लेयर बन गया है, जो गैप को दूर करने और ऑन-बोर्डिंग मर्चेंट्स के लिए दमदार अनुभव बनाकर संचालन को बदलने में सक्षम है। मुख्य गतिविधियों में वेरिफिकेशन, डॉक्यूमेंटेशन, प्रॉसेसिंग, कस्टमर सपोर्ट, बैंकिंग ऑपरेशंस, टिकट मैनेजमेंट और इंटरनेशनल पेमेंट को सक्षम करना शामिल है।

समझौते की शर्तों के अनुसार, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड (एसेट मैनेजमेंट कंपनी) को एसआईपी के एक्टिवेशन और रिन्यूअल की सेवाएं प्रदान करेगा। इस पार्टनरशिप के आधार पर, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस एक्टिवेशन, क्रॉस-सेल/अप-सेल और सर्विसिंग डोमेन में उद्यम करके अपने क्षितिज को व्यापक बनाने के लिए तैयार है। वन पॉइंट वन के नवी मुंबई डिलीवरी सेंटर से ऑपरेशंस शुरू करने से टीम बेमिसाल ग्राहक सेवाओं के साथ अनुरूप अनुभव देने और बिज़नेस ग्रोथ को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम होगी।

म्यूचुअल फंड और फिन-टेक ब्रांड को अपने साझेदार के रूप में शामिल करना कंपनी की चुस्ती और क्लाइंट -सेन्ट्रिसिटी के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है, जो उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में इसके कद की पुष्टि करता है। वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस बीपीओ, केपीओ, आईटी सर्विसेज़, टेक्नोलॉजी एंड ट्रांसफॉर्मेशन और एनालिटिक्स में एक फुल-स्टैक प्लेयर है।

## संक्षिप्त समाचार



### मेस्सी के शानदार खेल से इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3–2 से हराया

**कैंसास सिटी, एजेंसी।** करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेस्सी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।

### 3 कारण क्यों हार्दिक पंड्या की नहीं बनती टी-20 वर्ल्ड कप में जगह, ड्रॉप करने में टीम इंडिया का फायदा!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जून-जुलाई में आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन होने वाला है। इस मेगा आईसीसी इवेंट के लिए भारतीय दल की बात अभी से होने लग गई है। वहीं हार्दिक पंड्या को लेकर भी अब काफी सवाल उठ रहे हैं। टीम में उनकी जगह बननी चाहिए या नहीं इसकी भी काफी बात हो रही है। तो आइये आपको बताते हैं उन 3 कारणों के बारे में कि क्यों हार्दिक को भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिए।

**हार्दिक पंड्या की खराब फिनिशिंग** – मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या अपनी फिनिशिंग के लिए जाने जाते हैं। लेकिन आईपीएल 2024 में उनका बल्ला अब तक खामोश रहा है। वह उस तरह से फिनिश नहीं कर पा रहे जिसके लिए जाने जाते हैं। उनकी फिनिशिंग स्किल्स पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरसीबी के मैच को छोड़ दें तो उनका स्ट्राइक रेट भी काफी खराब रहा है। पंड्या ने आईपीएल 2024 में 5 मैच में 129 रन बनाए हैं।

### आशुतोष शर्मा के नाम जुड़ा खास रिकॉर्ड

**अब तक आईपीएल में 17 सालों में नहीं कर पाया ऐसा कोई भी खिलाड़ी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के 17वें सीजन में पंजाब किंग्स के लिए अब तक कुछ भी सही नहीं रहा है, जिसमें टीम को 6 में से 4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी पंजाब किंग्स को 3 विकेट से करीबी हार मिली। इस मैच में पंजाब की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए थे, वहीं राजस्थान ने टारगेट का पीछा 19.5 ओवरों में कर लिया। पंजाब किंग्स टीम के बल्लेबाजों की तरफ से इस मैच में काफी खराब प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें उन्होंने 70 के स्कोर तक अपनी आधी टीम को गंवा दिया।

आईपीएल 2024

# टूर्नामेंट से टी20 विश्व कप की तैयारियों को गति दे रहा यह बल्लेबाज

## भारत को पहुंचा चुका है नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 विश्व कप के लिए सभी टीमें एक मई से पहले घोषित होनी हैं, ऐसे में सभी खिलाड़ी पूरा जोर लगा रहे हैं। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी आईपीएल से अपनी तैयारियों को गति दे रहे हैं। आईपीएल 2024 सीजन के बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। भारत सहित दुनिया के तमाम खिलाड़ी आईपीएल से इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए तैयारियां कर रहे हैं। टी20 विश्व कप के लिए सभी टीमें एक मई से पहले घोषित होनी हैं, ऐसे में सभी खिलाड़ी पूरा जोर लगा रहे हैं। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी आईपीएल से अपनी तैयारियों को गति दे रहे हैं। हेड आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

**वनडे विश्व कप के फाइनल में खेली थी शानदार पारी** – ट्रेविस हेड के करियर के लिए 2023 शानदार रहा था और उनका मानना है कि इस स्तर को बरकरार रखना कठिन है। हेड ने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और फिर वनडे विश्व कप के फाइनल में



शानदार पारियों खेली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों ही मुकाबले में भारत को हराकर खिताब जीता था। हेड का मानना है कि आईपीएल 2024 से वह उन्हें टी20 विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी।

**बेसिक चीजों पर अडिग रहना चाहता हूं** – हेड ने ने कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और मैं विदेशी जमीन पर भी उसी तरह खेलता हूं। हालांकि मेरे ऊपर अब लगातार इसी तरह खेलने का दबाव है। सभी प्रारूपों में मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि बेसिक चीजों पर अडिग रहूं। यही मेरी तकनीक और ब्लूप्रिंट है। टी20 विश्व कप अब करीब है और मुझे उम्मीद है कि सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में होने और शीर्ष क्रम में खेलने से मेरी तैयारी पुख्ता होगी। इस लय को मैं विश्व कप में लेकर जा सकूंगा।

**हैदराबाद को तेज शुरुआत दिला रहे हैं हेड** – हेड का बल्लेबाज अबतक आईपीएल में अच्छा चला है और वह सनराइजर्स हैदराबाद को तेज शुरुआत दिला रहे हैं। हेड ने पांच मैचों में 177 की स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए हैं। हालांकि अगर आईपीएल का पूरा सीजन खेलते हैं तो उन पर दबाव बढ़ेगा और चोटिल होने का खतरा भी रहेगा। हेड भी इस बात से पूरी तरह परिचित हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह अहम है कि आईपीएल 2024 में पूरे सीजन मानसिक रूप से फ्रेश रहूं और अपने खेल पर काम करता रहूं। साथ ही यह सुनिश्चित करूं कि टी20 विश्व कप के लिए पूरी तरह तैयार रहूं। मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं इसके लिए तैयार हूं।

आईपीएल: 2024

# कोलकाता की लखनऊ पर पहली जीत

## सॉल्ट का अर्धशतक, स्टार्क ने तीन विकेट लिए

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइटराइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स को हराया। कोलकाता की 17वें सीजन की यह चौथी जीत है। सीजन के 28वें मैच में रविवार को कोलकाता ने लखनऊ को 8 विकेट से हराया। ईडन गार्डन स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। लखनऊ ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 161 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने 15.4 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।



# ईरान से दागी गई मिसाइलों से बचने के लिए बदला रास्ता, केविन पीटरसन ने सुनाई फ्लाइट की कहानी

**मुंबई, एजेंसी।** केविन पीटरसन वर्षीय ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि कैसे ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइलें दागने के कारण उनकी फ्लाइट को रास्ता बदलना पड़ा और ईंधन भरने की भी जरूरत पड़ी। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने रविवार को ईरानी मिसाइलों के कारण फ्लाइट के रूट में बदलाव के अपने दुखद अनुभव को साझा किया। पीटरसन फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कमेंटरी कर रहे हैं। वह चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल मैच में कमेंटरी के लिए मुंबई जा रहे थे जब यह घटना घटी। उन्होंने इस परेशान करने वाले अनुभव को फैंस के साथ शेयर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने इस्राइल-ईरान के बीच जारी युद्ध वाले क्षेत्रों में हवाई यात्रियों को आने वाले संभावित खतरों पर





प्रकाश भी डाला। सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि कैसे ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइलें दागने के कारण उनकी फ्लाइट को रास्ता बदलना पड़ा और ईंधन भरने की भी जरूरत पड़ी। पीटरसन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- इस तरह का मेरा पहला अनुभव है। पिछली रात को हमारी फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा और साथ अत्यधिका मात्रा में ईंधन लोड करना पड़ा ताकि हम रास्ता बदलकर जा सकें और ईरान की मिसाइलों से बच सकें। पागलपन!!!! बहरहाल मैं मुंबई और वानखेड़े पहुंच चुका हूं। यह मेरे सबसे पसंदीदा मैदानों में से एक है।

इस बीच इस्राइल में भारतीय दूतावास ने ईरान द्वारा किए गए हमलों के बाद रविवार को अपने नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए। इसमें लोगों को शांत रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी गई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और यह हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस्राइली अधिकारियों और भारतीय समुदाय के सदस्यों के संपर्क में है।इस्राइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला - फोटो : भारतीय दूतावास इस्राइल

हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इस्राइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इस्राइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। ईरान ने इस्राइल पर 330 मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए, जिसमें दो शीर्ष कमांडरों समेत कई लोग मारे गए। हमले को देखते हुए अमेरिका इस्राइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

# शमार जोसेफ ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए किया आईपीएल डेब्यू, इंटरनेशनल लेवल पर मचा चुके हैं धमाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने कोलकाता नाइट राइडर्स वर्सेस लखनऊ सुपर जायंट्स मुकाबले में आईपीएल डेब्यू किया है। रविवार को ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने मार्क वुड की जगह शमार जोसेफ को टीम में शामिल किया था। फ्रेंचाइजी ने जोसेफ को तीन करोड़ रुपये में खरीदा है। 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपने डेब्यू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात विकेट हॉल हासिल करते हुए टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टीव स्मिथ का विकेट चटकाया था। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ जनवरी में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए थे। इंटरनेशनल करियर की दमदार शुरुआत करने के बावजूद शमार को आईपीएल में अपने मौके का इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि एलएसजी के पास अच्छे तेज गेंदबाज के विकल्प मौजूद हैं लेकिन मयंक यादव के चोटिल होने के बाद टीम ने उन्हें मौका देने का फैसला किया है।

केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान हिंट दिया था कि शमार जल्द ही मैच खेल सकते हैं। दीपक हुडा और मोहसिन खान की टीम में वापसी हुई है। देवदत्त पडिक्कल खराब फॉर्म के कारण बाहर हो गए हैं।

आईपीएल:2024

# पैट कमिंस ने छिड़का भारतीयों के जख्मों पर नमक, किसे बताया पसंदीदा याद, भारत में पसंदीदा खाना भी बताय






आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी कर रहे पैट कमिंस ने इंस्टाग्राम पर कुछ स्टोरीज शेयर की हैं। इनमें उन्होंने अपनी पसंदीदा याद भारत में 2023 विश्वकप की जीत को बताया है। वैसे इस बात ने भारतीय क्रिकेट फैन्स की जख्मों पर नमक जरूर छिड़का होगा। पैट कमिंस ने फैन्स के सवालों के जवाब देते हुए यह यादें शेयर की हैं। इसमें फैन्स ने अलग-अलग सवाल पूछे थे। आज भी बड़ी संख्या में भारतीय फैन्स वनडे वर्ल्डकप फाइनल में मिली हार को भूल नहीं पाए हैं। गौरतलब है कि अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हरा दिया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन बनाए थे और ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया था।

**एसआरएच ड्रेसिंग रूम में पसंदीदा खिलाड़ी कौन** – पैट कमिंस ने इसके अलावा इंस्टाग्राम स्टोरी पर और भी कई सवालों के जवाब दिए हैं। एक फैन ने उनसे एसआरएच के ड्राइंग रूम में पसंदीदा खिलाड़ी के बारे में पूछा था। इसके जवाब में उन्होंने ट्रेविस हेड की फोटो लगाई है। बता दें कि ट्रेविस हेड ने वर्ल्डकप फाइनल में अहम पारी खेली थी, जिसकी बदौलत कंगारू टीम ने यह मैच जीता था। कमिंस ने हैदराबाद में पसंदीदा जगह गोलकुंडा के किले को बताया है।

# एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में राधिका को सिल्वर मेडल, शिवानी पवार ने जीता ब्रांज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवान राधिका ने शनिवार को यहां महिलाओं की 68 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया, जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को चित किया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह जापान की नोनोका ओजाकी से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गयीं। शिवानी पवार (50 किलो) क्वार्टर फाइनल में जिकि फेंग से हार गई लेकिन इस चीन की पहलवान के फाइनल में



पहुंचने के बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना ली। उन्होंने मंगोलिया की ओट्गोनजार्गल डोल्गोज्राव को 9-7 से हराकर कांस्य पदक जीता। तमन्ना (55 किलो) को क्वालीफिकेशन दौर में जापान की मोए कियूका ने 9 -0 से हराया लेकिन कियूका के फाइनल में पहुंचने से वह पदक की दौड़ में शामिल हो गईं। वह हालांकि मौके का फायदा उठाने में नाकाम रही और रेपेचेज मुकाबले में चीन की मिन झांग से 0-4 से हार गयी। पुष्पा यादव (59 किलो) और प्रिया (76 किलो) भी पदक की दौड़ में थी क्योंकि उन्हें हराने वाली पहलवान फाइनल में पहुंच गई थीं। दोनों पहलवानों को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। कांस्य पदक के लिए प्लेऑफ में पुष्पा को कजाकिस्तान की डायना कयूमोवा ने 11-8 से हराया, जबकि प्रिया को कजाकिस्तान की एल्मिरा सिज्डीकोवा ने चित कर दिया।



# क्या शिवम दुबे को मिलना चाहिए टी20 वर्ल्ड कप टीम में मौका?

## सीएसके कोच फ्लेमिंग के बयान ने बढ़ाया भारतीय चयनकर्ताओं का सिरदर्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफेन फ्लेमिंग का कहना है कि टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने से पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट को खेलने की सही शैली की पहचान करनी होगी. चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में ऑलराउंडर शिवम दुबे को मौका मिलना चाहिए. दुबे पिछले दो आईपीएल सीज़न में एक शानदार हिटर के रूप में उभरे हैं. फ्लेमिंग ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा, मेरे लिए बात यह है कि वे (भारत) विश्व कप के दौरान किस प्रकार का गेम प्लान खेलना चाहते हैं? उन्होंने विदेशी परिस्थितियों में भारत के लिए खेलने की सही शैली की पहचान की है. सीएसके कोच ने कहा, फिर केवल खिलाड़ियों को चुनने और गेम प्लान खोजने की कोशिश करने के बजाय खिलाड़ियों को इसमें शामिल करें. मैं खेल की वह शैली देखूंगा जो मैं चाहता हूं, और फिर उन खिलाड़ियों को चुनूंगा जो फॉर्म में हैं और वह भूमिका निभा सकते हैं जो उस



डिज़ाइन को सर्वश्रेष्ठ रूप से जीत सके. कीवी दिग्गज ने कहा, भारतीय चयनकर्ता होना शायद विश्व क्रिकेट में सबसे मुश्किल कामों में से एक है, है न? एक तरफ, एक कीवी के रूप में मैं शो में मौजूद प्रतिभाओं की मात्रा और हर खेल में सामने आने वाले नए खिलाड़ियों को देखकर बहुत ईर्ष्यालु हूं. इसके बाद फ्लेमिंग ने दुबे को विश्व कप स्क्वाड में मौका देने के बारे में कहा, मुझे उसकी शक्ति पसंद है. मैं पक्षपाती हूं, है ना? लेकिन मुझे लगता है कि जब आपके पास उस तरह की थोड़ी अलग शक्ति होती है; मैं उसे टीम में रखूंगा. 2018 में अपने टी20 डेब्यू के बाद टीम से बाहर हो गए दुबे को सीएसके के साथ अपनी हालिया हरकतों के कारण राष्ट्रीय टीम में वापसी का रास्ता मिल गया है. 2022 में फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने के बाद से, दुबे ने 32 पारियों में 883 रन बनाए हैं. मौजूदा सीज़न में दुबे के नाम पांच पारियों में 176 रन हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है. फ्लेमिंग ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत सारा काम किया गया, उन्हें उस भूमिका में लाया गया और नियमों में बदलाव को हमारे फायदे के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की गई. पिछले साल उन्होंने मानसिक रूप से इस बात पर बहुत काम किया कि वह कैसा दिखेगा, और फिर यह अवसर के बारे में था. हमें उसकी क्षमता का एहसास करने में कितना समय लगेगा. पिंच हिटर के रूप में दुबे की क्षमता पर जोर देते हुए, पूर्व कीवी कप्तान ने कहा, स्पिन और सीम गेंदबाजी दोनों से वह जो शक्ति उत्पन्न कर सकता है वह काफी अद्वितीय है. जब वह इस तरह की फॉर्म में होता है तो बीच के ओवरों में वह हमारे लिए असली हथियार होता है.

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी, दो की मौत; मृतकों की अभी तक नहीं हुई पहचान

**इंफाल।** मणिपुर में शनिवार को फिर गोलीबारी हुई है। राज्य के इंफाल पूर्वी जिले में शनिवार को दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी कांगपोकपी जिले की सीमा के करीब हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राज्य और केंद्रीय पुलिस बल को क्षेत्र में भेजा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात कर दिया गया है। इलाकों में सुरक्षा बलों के पहुंचने के बाद सशस्त्र समूहों के कैडर शवों को छोड़कर इलाके से भाग गए। यह घटना टेंग्नौपाल जिले में ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी में तीन लोगों के घायल होने के एक दिन बाद हुई है।

### बीबीएफएस आवासीय अकादमी भोपाल में परीक्षण आयोजित करने के लिए तैयार

**भोपाल।** एनजोगो द्वारा संचालित बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) 21 अप्रैल 2024 को बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल में अपने आवासीय अकादमी कार्यक्रम के लिए परीक्षण आयोजित करेगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए 1 जनवरी 2007 से 31 दिसंबर 2014 के बीच जन्मे खिलाड़ी पात्र हैं। रिपोर्टिंग समय 8:00 ढ्ढस्झ है। फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी किट और एक वैध सरकारी आईडी लानी होगी। सभी उपस्थित लोगों के लिए 100/- रुपये का पंजीकरण शुल्क लागू है।बीबीएफएस के सह-संस्थापक और फुटबॉल के दिग्गज बाईचुंग भूटिया ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, युवा खिलाड़ियों को सही अवसर पाने और पेशेवर फुटबॉलर बनने के लिए, उन्हें कम उम्र से ही एक अच्छी तरह से संरचित खेल पाठ्यक्रम में प्रवेश करना होगा। बीबीएफएस आवासीय अकादमी ट्रायल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए हमारे कार्यक्रम में शामिल होने और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता हासिल करने के लिए प्रशिक्षण लेने का एक शानदार अवसर है। बिल्डिंग फ्यूचर चैंपियंस के आदर्श वाक्य के साथ, बीबीएफएस आवासीय अकादमी परीक्षणों का आगामी संस्करण एक बार फिर देश के सभी हिस्सों को कवर करेगा। चुनिंदा बीबीएफएस स्काउट्स विभिन्न शहरों की यात्रा करेंगे और प्रतिभाओं के एक बड़े समूह को शामिल करेंगे। फुटबॉल में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए ट्रायल एक महत्वपूर्ण कदम बन गया है। यह न केवल उन्हें खेल में अपने कौशल का मूल्यांकन करने के लिए एक मंच देता है बल्कि देश के सबसे बड़े और सबसे अधिक रेटिंग वाले फुटबॉल कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी देता है।

### फ्लाइंग स्क्वाड ने 1 हजार करोड़ मूल्य का 1,425 किलोग्राम सोना जब्त किया

**चेन्नई, एजेंसी।** चुनाव से पहले यहां एक बड़ी जब्ती हुई। चुनाव आयोग (ईसी) के फ्लाइंग स्क्वाड ने तमिलनाडु में एक ट्रक से लगभग 1,000 करोड़ रुपये मूल्य का 1,425 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईसी फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारियों ने कुंद्राथुर के पास वंडालूर-मिजिनूर आउटर रिंग रोड पर एक ट्रक और कार को रोका, जिससे भारी मात्रा में कीमती धातु जब्त की गई। ट्रक की जांच के दौरान डिब्बों में सोना होने का पता चला। ट्रक के पीछे चल रही कार में सवार लोगों ने अधिकारियों को बताया कि उनके पास सभी कागजात हैं और सोना श्रीपेरंबदूर की एक फर्म में ले जाया जा रहा है।हालांकि, ईसी फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारी पेश किए गए दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं थे और ट्रक के साथ-साथ उन्होंने कार को भी रोक लिया।सूत्रों के अनुसार, दोनों वाहनों को श्रीपेरंबुदूर राजस्व कार्यालय ले जाया गया। कांचीपुरम जिला राजस्व अधिकारी और आयकर अधिकारी जब्त किए गए सोने की सही कीमत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। शुरुआत में लगभग 1,000 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था।चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है।तमिलनाडु और पुडुचेरी में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, इसलिए चुनाव आयोग ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

# दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में सर्वोच्च साहस का परिचय दे रहे भारतीय सेना के जांबाज, 24 घंटे कर रहे निगरानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सियाचिन, काराकोरम पर्वत श्रृंखला में करीब 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र। सालभर यहां बर्फ जमी रहती है और सर्दियों में तापमान माइनस 50 डिग्री तक गिर जाता है। ऊपर से बर्फीली और सर्द हवा। इन तमाम विपरीत हालातों के बावजूद इस निर्जन और बीहड़ इलाके में भारतीय सेना के जांबाज अदम्य शौर्य और साहस का परिचय देते हुए अत्याधुनिक साजोसामान से लैस होकर 24 घंटे निगहबानी कर रहे हैं। ऑपरेशन मेघदूत की वर्षगांठ पर शनिवार को इन जांबाजों का जोश देखते ही बनता था। आखिर ऐसा हो भी क्यों न? आज ही के दिन ठीक 40 साल पहले यानी 13 अप्रैल 1984 को इस क्षेत्र में पाक सेना को भारतीय सेना ने शिकस्त जो दी थी। उस वक्त पाकिस्तान की ओर से अबाबील ऑपरेशन चलाकर 17 अप्रैल तक सियाचिन पर कब्जा करने की योजना बनाई गई थी लेकिन भारतीय सेना ने इससे चार दिन पहले ही मोर्चा मारते हुए सियाचिन ग्लेशियर पर अपना झंडा लहरा दिया था। भारतीय सेना ने शनिवार को



40वें सियाचिन दिवस के अवसर पर कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अपने बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में ऑपरेशन शुरू करने वाले सैनिकों को सलाम करते हुए एक वीडियो के साथ इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया- वे बर्फ में घिरे हुए हैं, चुप रहेंगे। जब बिगुल बजेगा, तो वे उठेंगे और फिर से मार्च करेंगे। वीडियो में दिखाया गया कि कैसे दुर्गम इलाकों में भारतीय जांबाज बड़ी मुस्तैदी से डटे हुए हैं। सफेद चादर से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों पर भारतीय सेना के जवानों को चढ़ते हुए दिखाया गया है। इसमें सियाचिन ग्लेशियर के 40 साल के सफर को दिखाया गया है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि सामरिक रूप से अति महत्वपूर्ण सियाचिन ग्लेशियर में भारतीय सेना ने अपनी मौजूदगी के 40 साल पूरे किए हैं और पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचा बढ़ने से उसकी ऑपरेशनल क्षमता में काफी सुधार आया है। भारी सामानों को ले जाने में सक्षम हेलीकाप्टरों और ड्रोनों का उपयोग, सभी सतहों के लिए अनुकूल वाहनों की तैनाती, मार्गों के विशाल नेटवर्क आदि उठाए गए कई अहम कदमों ने युद्धक्षेत्र सियाचिन में भारत का सैन्य कौशल और बढ़ाया है। प्रत्येक सैनिक के पास पॉकेट वेदर ट्रैकर्स जैसे गैजेट मौसम के बारे में समय पर अपडेट प्रदान करते हैं और उन्हें संभावित हिमस्खलन के बारे में चेताते हैं। उन्होंने कहा कि सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना का नियंत्रण न केवल अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प की गाथा है, बल्कि प्रौद्योगिकी उन्नति और साजो-सामान संबंधी सुधारों की एक असाधारण यात्रा भी है जिसने दुनिया के सबसे दुर्जेय इलाकों में से एक इस क्षेत्र को अदम्य जोश और नवाचार के प्रतीक में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि खासकर पिछले पांच सालों में उठाए गए कदमों ने सियाचिन में तैनात इन जवानों के जीवन स्तर और ऑपरेशनल क्षमताओं में सुधार लाने में लंबी छलांग लगाई है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुल जैसे नवाचारों से सेना प्राकृतिक बाधाओं पर पार पाने में समर्थ हुई है तथा हवाई केबलवे में उच्च गुणवत्ता वाली डायनेमा रस्सियों के जरिये सबसे दूरस्थ चौकियों में भी सामानों की बेरोकटोक आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

## शिमला सीट पर कांग्रेस का दबदबा, केडी सुल्तानपुरी के नाम रिकॉर्ड

**शिमला, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए हिमाचल प्रदेश की चार में से दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस हाईकमान ने सबको चौंकाते हुए दोनों सिटिंग विधायकों को उम्मीदवार बनाया है। इनमें कैबिनेट मंत्री हैं तो दूसरे सिटिंग एमएलए हैं। मंडी लोकसभा सीट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह उम्मीदवार होंगे जबकि शिमला लोकसभा सीट पर मौजूदा विधायक विनोद सुल्तानपुरी को उतारा गया है। इस रिपोर्ट में जानें कौन हैं विनोद सुल्तानपुरी जिन्हें पार्टी ने दिया है मौका... 42 वर्षीय विनोद सुल्तानपुरी शिमला संसदीय क्षेत्र के सोलन जिला के कसौली से विधायक हैं। वह पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सुरेश कश्यप से होगा। विनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी के नाम शिमला लोकसभा सीट पर लगातार छह बार कांग्रेस सांसद बनने का रिकॉर्ड है। कांग्रेस ने विनोद सुल्तानपुरी को टिकट देकर शिमला लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले को बेहद रोचक बना दिया है। साथ ही संदेश देने की कोशिश की है कि उसकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस की फिल्डिंग से साफ है कि शिमला सीट पर अब उसका भाजपा के साथ कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

शिमला आरक्षित लोकसभा सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा है। ज्यादातर यहां से कांग्रेस जीतती रही है। पिछले 10 वर्षों से यह सीट भाजपा के कब्जे में है। कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार घोषित बिनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी ने इस लोकसभा सीट पर ऐसा दुर्ग बनाया जिसे उनके चुनाव मैदान में रहते कोई भेद नहीं पाया। वह लगातार छह बार यहां से विजयी रहे। उनके लगातार जीत के रिकार्ड को कोई नहीं तोड़ पाया है

## यदि नरेंद्र मोदी नहीं होते तो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाताः राज ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शनिवार को दावा किया कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। राज ठाकरे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मनसे नेताओं की एक सूची तैयार करेगी जिनसे महायुति गठबंधन के नेता चुनावी समन्वय के लिए संपर्क कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने इन प्रश्नों को टाल दिया कि क्या वह महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राकंपा के सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के पक्ष में रैलियों को संबोधित करेंगे।

राज ठाकरे ने आगामी लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने आज कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं अनुषंगी संगठनों के साथ बैठक की है और उन्हें महायुति समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि मनसे नेताओं को उचित सम्मान मिलेगा। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं और राज्य में 19 अप्रैल एवं 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा। राज ठाकरे ने कहा, यदि नरेन्द्र मोदी (केंद्र की सत्ता में) नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद भी राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। यह लंबित मुद्दा बना रहता।

नवंबर, 2019 में एक ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राममंदिर के निर्माण की कानूनी बाधा दूर कर दी थी। इस साल 22 जनवरी को राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। राज ठाकरे ने कहा कि राममंदिर के निर्माण का मामला 1992 से लंबित था जब बाबरी मस्जिद गिरायी गयी थी। भाजपा को मनसे के समर्थन पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा, कुछ ऐसी अच्छी बाते हैं, जिनकी सराहना करने की जरूरत है।

एक तरफ, एक अक्षम (नेतृत्व) है और दूसरी तरफ, मजबूत नेतृत्व है। इसलिए हमने नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने के बारे में सोचा। पीएम मोदी के प्रति उनके समर्थन में खामियां ढूढ़ने को लेकर अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) पर पलटवार करते हुए मनसे प्रमुख ने कहा कि उनकी आखों में पीलिया हो गया है। राज ठाकरे ने कहा कि मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने तथा राज्य में किलों की मरम्मत समेत महाराष्ट्र को लेकर उनकी कुछ मांगें हैं जिनके बारे में भाजपा को बताया जाएगा।

## पहले दोस्त की गर्लफ्रेंड छीनी फिर दिल्ली बुलाकर कर दी हत्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की द्वारका जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) ने हत्या के मामले का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुरेश गंगवार ने अपने दोस्त आशीष कुमार को उत्तर प्रदेश के बरेली से दिल्ली बुलाकर उसकी हत्या की थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आशीष उसकी प्रेमिका को आपत्तिजनक फोटो भेजकर ब्लैकमेल कर रहा था। इसलिए उसने आशीष को काम का लालच देकर बरेली से पहले दिल्ली बुलाया और फिर उसकी हत्या कर दी। आरोपी के पास से पुलिस ने चाकू के अलावा मोबाइल और कपड़े बरामद किए है।

पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 9 अप्रैल को द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन के पीछे जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला था। शख्स की गला रेत का हत्या की गई थी और उसकी पहचान न हो पाए इसलिए चेहरे को पत्थर से कुचला गया था। पुलिस को उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो। एसीपी राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम को मामले की जांच सौंपी गई। टीम ने लोगों से पूछताछ के बाद शव की पहचान 28 वर्षीय आशीष कुमार के रूप में की। प्राथमिक जांच में पुलिस को पता चला कि आशीष मौत होने से कुछ ही दिन पहले बरेली से दिल्ली आया था। पुलिस ने दिल्ली आने के बाद उसकी गतिविधियां और मोबाइल की लोकेशन, सीसीटीवी की जांच की तो पुलिस आरोपी सुरेश गंगवार तक जा




पहुंची। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। पूछताछ में आरोपी सुरेश गंगवार ने बताया कि आशीष उसका पक्का दोस्त था और दोनों असम में एक ही कंपनी में नौकरी करते थे। असम में रहने के दौरान आशीष की दो युवतियों से दोस्ती थी। एक प्रेमिका से बात करने के लिए वह सुरेश के फोन का इस्तेमाल करता था। सुरेश और आशीष असम में नौकरी छोड़ कर राजस्थान चले गए। लेकिन यहां कंपनी में विवाद के बाद दोनों ने राजस्थान में नौकरी छोड़ दी। सुरेश दिल्ली आ गया और आशीष बरेली चला गया। इस बीच आशीष की एक प्रेमिका ने उससे दूरी बना ली। यह युवती सुरेश से बात करने लगी। जो बात आशीष को पसंद नहीं आई और उसने प्रेमिका की कुछ अश्लील फोटो उसे भेजकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी होने पर सुरेश ने आशीष को फोटो डिलीट करने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद सुरेश ने आशीष की हत्या करने की योजना बनाई। उसने काम के बहाने उसे यूपी से दिल्ली बुलाया। दोनों की मुलाकात पैसिफिक मॉल पर हुई, वहां से फिर यह लोग मेट्रो स्टेशन पीछे जंगल में जाकर बैठकर बात करने लगे। इस बीच आरोपी ने पहले आशीष पर पत्थर से हमला किया। उसके बाद उसका गला रेत दिया।

## अमेरिकी एयरलाइंस का बाइडेन प्रशासन से आग्रह- चीन को न दी जाए अतिरिक्त उड़ानों की मंजूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एयरलाइंस ने बाइडेन प्रशासन से अमेरिका और चीन के बीच किसी भी और उड़ान को मंजूरी देना बंद करने के लिए कहा है क्योंकि उनकी मौजूदा हानिकारक प्रतिस्पर्धा-विरोधी नीतियां अमेरिकी एयरलाइंस और श्रमिकों को नुकसान पहुंचाती हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी एयरलाइंस ने पत्र में कहा कि चीन ने महामारी के दौरान बाजार पहुंच पर सख्त सीमाएं लागू कीं और परिचालन, ग्राहकों और अमेरिकी एयरलाइन चालक दल के उपचार को प्रभावित करने वाले चुनौतीपूर्ण नियम लागू किए।

सीएनएन के अनुसार, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और परिवहन सचिव पीट बटिगिएग को संबोधित करते हुए गुरुवार को प्रकाशित एक पत्र के अनुसार, प्रतिस्पर्धी नुकसान चीन की सेवा करने वाली अमेरिकी यात्री एयरलाइनों द्वारा नियोजित लगभग 315,000 कर्मचारियों के लिए हानिकारक है। पत्र में उद्योग वकालत संगठन एयरलाइंस फॉर अमेरिका के हस्ताक्षर थे जिसमें पायलट एसोसिएशन. जो इसके सदस्यों अमेरिकन




एयरलाइंस (एएएल), डेल्टा (डीएएल), और यूनाइटेड (यूएएल) के साथ-साथ विमानन कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न यूनियनों के नाम शामिल है। इसमें कहा गया है, अगर चीनी विमानन बाजार की वृद्धि को अनियंत्रित और बाजार में पहुंच की समानता की चिंता के बिना जारी रहने दिया गया, तो अमेरिकी श्रमिकों और व्यवसायों की कीमत पर उड़ानें चीनी वाहकों को छोड़ी जाती रहेंगी। सीएनएन के अनुसार, फरवरी में, अमेरिका ने चीनी एयरलाइनों को संयुक्त राज्य अमेरिका में अपनी सीधी यात्री उड़ानों का विस्तार करने की अनुमति देने के अपने फैसले की घोषणा की, जिसका लक्ष्य धीरे-धीरे कोविड -19 महामारी से प्रभावित विमानन सेवाओं को बहाल करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने चीनी वाहकों को अमेरिका से 50 साप्ताहिक राउंडट्रिप संचालित करने की मंजूरी दे दी, जो 31 मार्च से शुरू होने वाली 35 उड़ानों की पिछली सीमा से अधिक है। लेकिन बढ़ी हुई संख्या अभी भी अनुमति दी गई 150 से अधिक साप्ताहिक राउंडट्रिप का केवल एक अंश है। पत्र में कहा गया है कि चीन के साथ प्रतिस्पर्धा-विरोधी नुकसान 2022 में और खराब हो गया, जब एशियाई देश की एयरलाइंस ने रूसी हवाई क्षेत्र का उपयोग जारी रखा, जबकि उसी वर्ष फरवरी में यूक्रेन पर मास्को के आक्रमण के परिणामस्वरूप अमेरिकी वाहक ने इसका उपयोग करना बंद कर दिया।

## भारत-पाक सीमाओं पर सालों पुरानी परंपरा टूटी ! त्यौहारों पर सैनिकों में मिठाईयों का आदान-प्रदान बंद

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान की सीमाओं पर एक सालों पुरानी परंपरा बंद हो गई है। दोनों देशों के बीच तनाव के चलते अब दोनों देशों के सैनिकों के बीच मिठाईयों का आदान-प्रदान भी बंद हो गया। इस बार ईद के मौके पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात दोनों देशों के सैनिकों ने एक दूसरे को प्रतीकात्मक सद्भावना की प्रतीक मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। भारत की तरफ से सीमा सुरक्षा बल और दूसरी तरफ से पाकिस्तान रेंजर्स के जवानों की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनाती की जाती है। पिछले कई वर्षों से परंपरा रही है कि दोनों बल धार्मिक त्योहारों और राष्ट्रीय उत्सवों के अवसर एक दूसरे को सद्भावना प्रकट करते हैं।



साल 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद से पाकिस्तान चिढ़ा हुआ है। पाकिस्तान की हरकतों की वजह से दोनों देशों के संबंध लगातार खराब हुए हैं। इसका असर पिछले महीने फिर देखा गया जब हिंदू पर्व होली के अवसर पर पाकिस्तानी रेंजर्स और बीएसएफ के बीच मिठाई नहीं बांटी गई। ऐसी ही स्थिति इस सप्ताह ईद-उल-फितर के मौके पर भी हुई जब सीमा पर तैनात दोनों देशों के बलों ने एक दूसरे के साथ मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। पाकिस्तान अखबार ट्रिब्यून ने एक पाकिस्तान रेंजर्स के सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। हालांकि, इसके पहले बीते साल नवम्बर में दिवाली के मौके पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे को मिठाई दी थी।


मोदी सरकार ने अगस्त 2019 कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया था।

# डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडेन को घेरा, कहा- मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी हमला नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
ईरान ने शनिवार देर रात इजरायल पर अटैक कर दिया है। उनकी तरफ से 200 से ज्यादा मिसाइलें दागी गई हैं। हालांकि, इजरायली सेना ने दावा किया कि हमले बड़े स्तर पर नहीं हुए क्योंकि उन्होंने कई मिसाईलों को हवा में नष्ट कर दिया। अब दोनों देशों की लड़ाई ने एक बार फिर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अमेरिका ने इजरायली नागरिकों को सुरक्षा देने की बात कही है और ईरान द्वारा किए गए हमले पर निंदा व्यक्त की। इस हमले पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी रिएक्शन सामने आया है और उन्होंने जो बिडेन की आलोचना करते हुए कहा कि अगर मैं राष्ट्रपति होता तो इजरायल पर हमला नहीं होता।

हमले पर रिएक्शन देते हुए ट्रंप ने कहा, अगर मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी हमला नहीं करता। उनके पास पैसे नहीं थे, लेकिन अब उनके पास 221 अरब डॉलर हैं। और इराक, जो ईरान की सहायक कंपनी बन गया है, के पास 300 अरब डॉलर हैं। हम बहुत खतरनाक दौर में हैं क्योंकि हमारे पास एक बेहद कमजोर राष्ट्रपति है जो दो वाक्यों को एक साथ नहीं रख सकता है।

इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व युद्ध होने का खतरा है। ट्रंप ने शुक्रवार को हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था, इजरायल के साथ जो चल रहा है उसका अंत विश्व युद्ध के रूप में हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि वर्तमान समय और पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच बहुत कुछ हो सकता है, विशेष रूप से कमजोर अमेरिकी नेताओं के नेतृत्व में। ईरान के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वह इस जंग में इजरायल के साथ खड़ा है।





## पाकिस्तान महंगाई में है नंबर वन, 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर के साथ पूरे एशिया में रहने की लागत सबसे अधिक है और इसकी अर्थव्यवस्था क्षेत्र में 1.9 प्रतिशत की चौथी सबसे कम गति से बढ़ सकती है। रिपोर्ट गुरुवार को मनीला में जारी की गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि एशियाई विकास आउटलुक ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए भी एक निराशाजनक तस्वीर पेश की है, जिसमें अगले वित्तीय वर्ष के लिए 15 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर का अनुमान लगाया गया है जो कि 46 देशों में फिर से सबसे अधिक है और 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर है। मनीला स्थित ऋण एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में पाकिस्तान में मुद्रास्फीति की दर 25 प्रतिशत होने की उम्मीद है - जो पूरे एशिया में सबसे अधिक है। यह पाकिस्तान को एशिया का सबसे महंगा देश बनाता है। पहले, पाकिस्तान में रहने की लागत दक्षिण एशिया में सबसे अधिक हुआ करती थी। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) और संघीय सरकार ने इस वित्तीय वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का लक्ष्य 21 प्रतिशत निर्धारित किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHI/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129